नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 77- ● जबलपुर ● बुधवार, 19 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

तेजी से फैल रहा कोरोना, मास्क पहनें, भीड़ में जाने से बचें

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में कोरोना केस तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसके साथ ही पाबंदियों का दौर भी शुरू हो गया है। कोरोना की अब तक की लहर का सबसे ज्यादा असर केरल और महाराष्ट्र में देखने को मिला है। इस बार भी यही हो रहा रहा है। केरल और महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश और राजस्थान उन राज्यों में शामिल हैं, जहां केस तेजी से बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि महामारी से निपटने की तैयारी और जरूरी प्रयासों को हम कम नहीं करने देंगे।ताजा खबर पश्चिम बंगाल से है। यहां तेजी से फैलते संक्रमण के बीच ममता बनर्जी सरकार ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ,उपराष्ट्रपति के टैक्स रिटर्न आए सामन

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की ओर से 2022 में टैक्स रिटर्न के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए गए हैं। इसके मुताबिक, 2022 में अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी जिल बाइडन की साझा कमाई 5 लाख 80 हजार डॉलर (4 करोड़ 76 लाख रुपये) रही, जो कि 2021 की 6 लाख 10 हजार 702 डॉलर (करीब 5 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रही। दोनों ने इस कमाई पर 23.8 फीसदी की दर से 1 लाख 37 हजार 658 डॉलर (करीब 1.13 करोड़ रुपये) टैक्स भरा। इतना ही नहीं उनकी कमाई का 3.5 फीसदी 20 चैरिटी को दान देने में भी इस्तेमाल हुआ।

राहुल ने चांदनी चौक में मोहब्बत का शरबत पिया

दिल्ली के बंगाली मार्केट में गोलगप्पे खाए, लोगों से घिरे नजर आए...

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राहुल गांधी ने मंगलवार शाम दिल्ली के बंगाली मार्केट और चांदनी चौक के बाजारों में गोलगप्पे, चाट और शरबत का लुत्फ उठाया। वे यहां लोगों से घिरे नजर आए। उन्हें देखने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग जमा हुए। एक दिन पहले ही वे कर्नाटक में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। बंगाली मार्केट के नाथू स्वीट्स में राहुल गांधी ने गोलगप्पे खाए। इसके बाद वे पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके गए, जहां रमजान मनाया जा रहा है। चांदनी चौक में उन्होंने मोहब्बत का शरबत नाम का तरबूज शरबत पिया। इसके बाद वे कबाब खाने अल जवाहर रेस्टॉरेंट गए। उनके साथ फूड राइटर और ब्लॉगर कुणाल विजयकर भी थे।कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 23 दिन पहले सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो चुनावी रैली को संबोधित किया। भाल्की में राहुल ने क्क्रमोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी ने 15 लाख रुपए का वादा किया था, 15 लाख रुपए आए क्या? इसलिए हमें क्क्क्क की तरह झूठे वादे नहीं करने चाहिए। कांग्रेस जो भी वादा करेगी, उन्हें सरकार बनते ही जल्द से जल्द पूरा करेगी।

शहडोल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन में दो माल गाड़ियों में भिड़ंत

तीन डिब्बे पलटे लोको पायलट की मौत

शहडोल,यशभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के शहडोल उपमंडल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह दो गुड्स ट्रेनों में भिड़ंत हो गई है। घटना में एक लोको पायलट की मौत हुई है और 4 लोग घायल हैं। घायलों में एक लोको पायलट शामिल है और बाकी अन्य कर्मचारी हैं।

घटना में मालगाड़ी का ड्राइवर घायल हो गया है और रेल यातायात बाधित है। मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गए हैं। घटना की खबर लगते ही रेलवे के अधिकारी कर्मचारी चौकन्ना हो गए हैं और बचाव कार्य शुरू हो गया है। तीन ट्रेन के आपस में टकराने से रेल महकमे में हड़कंप मच गया। यह घटना सुबह तकरीबन 7.15 बजे की है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि घटना हुई है लेकिन किस तरह से घटना हुई यह जांच के बाद ही बताया जा सकेगा। कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन किन घटना बड़ी है जिसकी जांच की जाएगी। अभी यातायात बाधित है जिसके कारण कटनी और बिलासपुर की ओर से आने जाने वाली ट्रेनों वह माल गाड़ियों को रोका गया है। बचाव कार्य चल रहा है, जल्दी ही आवागमन चालू किया जाएगा।

होम सिग्नल लाल होने के बाद भी मालगाड़ी आगे बढ़ी

जानकारी के अनुसार एक गुड्स ट्रेन सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर पहले से खड़ी थी। पीछे से दूसरी गुड्स ट्रेन होम सिग्नल को पार करते हुए अनियंत्रित होकर भीड़ गई।होम सिग्नल लाल था इसके बाद भी गुड्स ट्रेन आगे बढ़ गई जिसके कारण यह घटना हुई है। कोयला की रैक लेकर डोमन हिल से संजय गांधी ताप विद्युत गृह जा रही गुड्स ट्रेन 6.00 बजे सिंहपुर स्टेशन पर आकर रुकी थी। इसके बाद पीछे से कोरबा से रैक लेकर गुड्स ट्रेन आई और यह घटना हो गई। घटना में एक गुड्स ट्रेन के 3 इंजन के डिब्बे पलट गए हैं।

कांग्रेस विधायक के काफिले पर नक्सली हमला

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठीं थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी हैं। सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया था। लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की। हालांकि, सभी वाहन वहां से सुरक्षित निकल गए हैं।

ओडिशा में दो बच्चों की कुत्तों से शादी कराई

अंधविश्वास - बुरी आत्माओं को दूर करने के लिए की रस्में

■ भुवनेश्वर, एजेंसी।

ओडिशा के बालासोर में बुरी आत्माओं को दूर करने के लिए दो नाबालिग बच्चों की शादी कुत्तों से कराई गई। 11 साल के तपन सिंह की शादी की शादी फीमेल डॉग से और 7 साल की लक्ष्मी की शादी मेल डॉग से कराई गई। इसके पीछे लोगों का मानना है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर होती हैं। दोनों बच्चे बंधसाही गांव के हो ट्राइबल हैं। दोनों बच्चों के दांत आने शुरू हुए तो पहले ऊपरी जबड़े में दांत आए। इसके बाद ही उनके परिवार ने कुत्तों की तलाश शुरू कर दी क्योंकि उनकी मान्यता थी कि पहला दांत ऊपरी जबड़े में आना अपशकुन होता है। जैसे ही उन्हें मेल और फीमेल कुत्ते मिले, उन्होंने दोनों बच्चों की उनसे शादी करा दी। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि कम्युनिटी की परंपराओं के मुताबिक, दोनों

शादियों की रस्में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरी हुई। इसके बाद पूरी कम्युनिटी के लिए भोज का आयोजन किया गया था।उन्होंने बताया कि समुदाय की मान्यता है कि अगर कोई अपशकुन है तो वह शादी होते ही कुत्तों पर ट्रांसफर हो जाएगा। हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, यह सिर्फ एक अंधविश्वास है जो बुजुर्गों से नई पीढ़ी को ट्रांसफर किया गया है।

सोनीपत में 2 युवकों से दरिंदगी

■ सोनीपत, एजेंसी।

सोनीपत के गन्नौर क्षेत्र में 2 युवकों को बंधक बनाकर बुरी तरह से मारा पीटा गया। एक युवक को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। पेट्रोल से कपड़ा भिगोकर डंडे से बांधा और उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। साथ ही आरोपियों ने उनके परिजनों को फोन कर छोड़ने के नाम पर 2 लाख रुपए की फिरौती मांगी। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए पानीपत के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना गन्नौर के स्ढ्ढ सतबीर सिंह ने बताया कि सूचना के बाद वे अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि सरफराज को खानपुर मेडिकल भेजा गया है। फिर पता चला कि वो पानीपत के सुनील अस्पताल में दाखिल हे। वहां पहुंच कर डॉक्टर से बात की तो डॉक्टर ने उसे बयान देने में अन फिट बताया।उसके साथी तसलीम की शिकायत पर पुलिस ने गफ्फार, शकील, प्रवेश, सत्तार व एक अन्य के खिलाफ धारा 323/ 387/ 379B/ 342/ 377/ 506/ 34 IPC के तहत केस दर्ज किया है।

अतीक और अशरफ के तीनों शूटर्स की पेशी एसआईटी ने मांगी पुलिस रिमांड की अर्जी

■ प्रयागराज, एजेंसी।

अतीक और अशरफ की हत्या के आरोपित शूटर मोहित उर्फ सनी सिह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्या की बुधवार को कोर्ट में पेशी होगी। तीनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पुलिस पेश करेगी। यहां एसआइटी की ओर से अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए जाने की अर्जी दी गई है। अभियुक्तों की पेशी को देखते हुए कचहरी के भीतर और बाहर सुरक्षा का कड़ा पहरा रहेगा। पुलिस के साथ ही पीएसी और आरएएफ की भी तैनाती की गई है। इससे पहले प्रयागराज के मरियाडीह में मारे गए माफिया से नेता बने अतीक अहमद की बहन के गांव में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया। एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि उमेश पाल हत्याकांड

में आरोपी गुड्डू मुस्लिम और शाइस्ता परवीन (अतीक अहमद की पत्नी) की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। विशेष जांच दल (एसआइटी) ने माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की विवेचना शुरू कर दी है। मंगलवार को एसआइटी ने धूमनगंज और शाहगंज थाने के डिजिटल वीडियो रिकार्डर (डीवीआर) को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही अभिरक्षा में लगे कई पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज किया गया।

साल का पहला हाइब्रिड सूर्य ग्रहण कल, भारत में नजर नहीं आएगा

■ भोपाल, यशभारत।

20 अप्रैल को सूर्यग्रहण संकर या हाइब्रिड किस्म का होगा। यह दुर्लभ नजारा आसमान में दिखने वाला है। यह चूक गए तो अगला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 2031 में आएगा। यानी आठ साल इंतजार करना पड़ेगा। खास बात यह है कि एक क्षेत्र विशेष में यह ग्रहण पूर्ण या खग्रास सूर्यग्रहण होगा। वहीं, कुछ इलाकों में यह एन्यूलर या कुंडलाकार या वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। कुछ इलाकों के लिए आंशिक सूर्यग्रहण होगा। भारतीय खगोलप्रेमी जरूर इस बात से निराश हैं कि यह नजारा वे देश में नहीं देख सकेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि तीनों तरह के ग्रहण एक साथ दिखेंगे। इस वजह से इसे हाइब्रिड सोलर एक्लिप्स या संकर सूर्य ग्रहण कहा जाएगा। यह कितना दुर्लभ है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि इस सदी में 224 सूर्यग्रहण होंगे। इनमें सात सूर्य ग्रहण ही हाइब्रिड होंगे। पिछला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 10 साल पहले तीन नवंबर 2013 को हुआ था। वहीं, अगला हाइब्रिड सूर्यग्रहण 15 नवंबर 2031 को पड़ रहा है। यानी आठ साल इंतजार करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया व दक्षिणी गोलार्द्ध में दिखेगा

यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। इसे पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के साथ ही दक्षिणी गोलार्द्ध में देखा जा सकेगा। सारिका का कहना है कि इस दुर्लभ सूर्यग्रहण में पूर्ण या वलयाकार ग्रहण की स्थिति को दुनिया के लगभग चार लाख से कुछ कम ही लोग देख सकेंगे।

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को लगा बड़ा झटका

सिंगापुर से भारत डिपोर्ट हुआ करीबी गुर्गा अबू सावंत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय एजेंसियों को विदेश में एक और बड़ी सफलता मिली है. अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के बेहद करीबी गुर्गे व फाइनेंस हैंडलर संतोष सावंत उर्फ अबू सावंत को सिंगापुर से डिपोर्ट करके भारत लाया गया है. केंद्रीय एजेंसियों और मुम्बई क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई के बाद उसे सिंगापुर से डिपोर्ट करके दिल्ली लाया गया. दिल्ली में अबू सावंत को सीबीआई ने अपनी कस्टडी में लिया है. पिछले दो दशकों से छोटा राजन का यह गुर्गा फरार चल रहा था. इसके खिलाफ मकोका सहित कई अन्य मामले दर्ज हैं।

पिता से शादी का खर्च पाना हर बेटी का अधिकार

संपत्ति कुर्क करने की याचिका खारिज करते हुए केरल HC ने कहा- इसका धर्म से लेना-देना नहीं

■ तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।

केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि हर अविवाहित बेटी को अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार है, भले वो किसी भी धर्म की हो। जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और पीजी अजीत कुमार ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। बेंच के सामने मुद्दा था कि क्या एक ईसाई बेटी अपने पिता की अचल संपत्ति या उससे होने वाले मुनाफे से शादी के खर्च हिस्सा हासिल कर सकती है। हालांकि बाद में याचिका खारिज कर दी गई। कोर्ट ने कहा, च्चकिसी के धर्म के आधार पर यह दावा नहीं किया जा सकता है कि उसे कुछ नहीं मिलेगा, कुंवारी बेटी का अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार कानूनी है।

बेटियों ने लगाया था पिता के खिलाफ केस

केरल हाईकोर्ट में पहुंचे केस में याचिका करने वाली दो बेटियां हैं, जो माता-पिता के बीच चल रहे केस के कारण पिता से अलग रहती हैं। बेटियों के मुताबिक उनके पिता ने पत्नी के जेवर और ससुराल से मिले पैसों से प्रॉपर्टी खरीदी थी। बेटियों ने हाईकोर्ट में यह भी कहा कि उनके पिता ने पढ़ाई के खर्च के साथ किसी भी तरह से उनकी मदद नहीं की। हालांकि पिता का कहना है कि उसने बेटियों के एजुकेशन का पूरा खर्च उठाया है। बावजूद इसके उसकी पत्नी उससे दुश्मनी रखती है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

हीटवेव का तांडव

गर्मी और लू की चपेट में 7 राज्य, कई राज्यों में चलेगी आंधी-गिरेगा पानी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 5 दिनों तक पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र और कई क्षेत्रों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी. आईएमडी ने उत्तर प्रदेश और सिक्किम में हीट वेव का अनुमान जाहिर किया है। पंजाब और हरियाणा में भी हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी. आईएमडी के मुताबिक एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके चलते पश्चिमी हिमालय और आसपास के मैदानी क्षेत्रों में बारिश हो सकती है. इस मौसमी सिस्टम के चलते उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है और छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। वैसे समूचा उत्तर भारत गर्मी और लू की चपेट में है। कई राज्यों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर और प्रयागराज में 44.2 तो दिल्ली में 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मप्र के 24 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा। पटना में अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके पहले 26 अप्रैल, 1980 को पटना का तापमान 44.6 दर्ज किया गया था।

गर्मी के कारण बदला गया स्कूलों का समय

तेज लू के कारण कई राज्यों में स्कूलों के समय में भी परिवर्तन कर दिया गया है। इनमें बिहार, बंगाल और झारखंड शामिल है। बंगाल भी तेज गर्मी पड़रही है। कोलकाता में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों को लेकर मौसम विभाग ने सतर्क किया है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की वेदर रिपोर्ट

मप्र के खजुराहो में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रहा। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ ने हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने से बुधवार और गुरुवार को गर्मी से कुछ राहत मिलने आसार हैं। बुधवार को दिल्ली में भी दिन भर बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। हल्की बरसात भी होगी।

पहाड़ी राज्यों में हिमपात

जहां एक तरफ मैदान इलाके गर्मी की मार झेल रहे हैं, वहीं पहाड़ी राज्यों में हिमपात हो रहा है। मंगलवार को शिमला में कुछ क्षेत्रों में आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई। शिकुला दर्रे में हिमपात के कारण मनाली-शिकुला-पदुम मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। 21 अप्रैल तक किन्नौर व लाहुल स्पीति को छोड़ बाकी जिलों में आंधी के साथ भारी वर्षा और ओलावृष्टि होने की चेतावनी है।

बीजेपी 25 सितंबर को मनाएंगी कार्यकर्ता महाकुंभ

कोर ग्रुप की बैठक में रखी नाराज कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट

■ भोपाल, यशभारत।

भारतीय जनता पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में हुई। जिसमें बताया गया कि भाजपा के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन 25 सितंबर को पार्टी कार्यकर्ता महाकुंभ मनाएगी। प्रदेश के सभी बूथों पर आयोजन होगा। इसके साथ ही आगामी 5 महीने के कार्यक्रमों के कैलेंडर को अंतिम रूप दिया गया है। भाजपा 64 हजार बूथों तक अपनी पकड़ को और मजबूत करने फिर से बूथ विस्तार अभियान भी चलाएगी। कोर कमेटी में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लेकर जाएं और आम जनता को बताएं। प्रधानमंत्री आवास से लेकर लाड़ली बहना योजना, युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार के साथ युवा नीति का कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेंगे। योजनाओं के हितग्राहियों को भी पार्टी से जोड़ा जाएगा।बैठक में 14 वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रदेशभर का दौरा कर लिए गए फीडबैक की रिपोर्ट पर कोर ग्रुप में कार्यकर्ताओं की नाराजगी की बात बताई गई। बैठक में असंतुष्ठ और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए संवाद शुरू करेंगी। पार्टी छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं की नाराजगी को दूर करेंगी। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। वरिष्ठ नेताओं का लाभ लेने के लिए भी कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का लाभ लिया जाएगा।

मन की बात के 100 एपिसोड पर कार्यक्रम

30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड को हर बूथ पर 100 कार्यकर्ता सुनेंगे। पार्टी के बूथ कार्यकर्ता से लेकर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता भी बूथ पर पहुंचेंगे। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर जून महीने में 9 साल पूरे होने जा रहे हैं। 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मप्र भाजपा ने 15 मई से 15 जून तक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं से लेकर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, मंत्री और सांसद-विधायक बूथ स्तर तक जनता से संपर्क करने जाएंगे।

यह पदाधिकारी शामिल हुए बैठक में

कोर ग्रुप बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह प्रभारी शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, सह प्रभार रामशंकर कठेरिया, सत्य नारायण जटिया, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री नरोत्तम मिश्रा, हरिशंकर खटीक, लाल सिंह आर्य सहित कोर ग्रुप के अन्य सदस्य शामिल हुए।

स्विट्जरलैंड से भेजी गई संघ समर्थक इनायत के स्कूल को उड़ाने की धमकी वाली ई-मेल

■ इंदौर, ईएमएस।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े इनायत हुसैन के देहली इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाली ई-मेल स्विट्जरलैंड से भेजी गई थी। जांच में इसका खुलासा होने के बाद अब इंदौर पुलिस इसे भेजने वाले तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की मदद ले रही है। आशंका है कि ई-मेल जमीन विवाद के कारण भेजा गया है। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल तकनीकी जांच में जुटी है।हज कमेटी के अध्यक्ष रहे इनायत हुसैन का धार रोड़ पर देहली इंटरनेशनल है। 14 अप्रैल को स्कूल की ई-मेल आइडी पर mikesean~xv@proton.me से संदेश आया था। इसमें तीन घंटे में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। 15 अप्रैल को स्कूल की कोआर्डिनेटर राजश्री पुरोहित ने ई-मेल देखने के बाद इनायत हुसैन को इसकी जानकारी दी और चंदन नगर थाने में केस दर्ज कराया गया।

संतों को जात-पात के भेद में मत बांधिए संत सभी के हैं: डॉ. मोहन भागवत

मानस भवन में आयोजित व्याख्यानमाला में संघ प्रमुख ने दिया सामाजिक समरसता अपनाने का संदेश

जबलपुरयशभारत। संतों को जाति-पांत के भेद में मत बांधिए,संत सभी के होते हैं। आज के समय में सामाजिक समरसता बहुत जरूरी हो गई है। मनुष्यों में जाति-पात, ऊंच-नीच की दृष्टि से लोगों को देखने की आदत हजारों साल पहले से है ये अभी की आदत नहीं है लेकिन अब समय आ गया है कि इसे धीरे-धीरे सुधारें। भारत को नीचा दिखाकर एकता तोड़ने वालों को समरसता से जवाब दें। हिंदू समाज को आरएसएस संगठित कर रहा है और बिना समरसता के संगठन नहीं होता है। इसलिए सामाजिक समरसता अपनानी होगी। योग्यता जन्म से आती है उसे सीखा नहीं जाता। समाज के लोगों को छोटे-छोटे व्यवहारों को ठीक करना होगा। यह सारी बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सरसंघसंचालक डॉ. मोहन भागवत ने मानस भवन में आयोजित व्याख्यानमाला में कही। आद्य जगदुरू श्री रामनन्दाचार्य की 723वीं जयंती के मौके पर मानस भवन में व्याख्यान माला आयोजित की गई थी। जिस दौरान पंडित पूज्य जगदुरू सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य , केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटैल, डॉ पवन स्थापक समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आजकल के लोग डरते हैं आदत बदलने में

व्याख्यामाला में डॉ. मोहन भागवत ने यह भी कहा कि बहुत से लोग अपनी आदत बदलने में डरते हैं जिन्हें आज के समय में बदलने की बहुत आवश्यकता आ चुकी है। हमारा शास्त्र बताता है कि अगर भक्त है तो फिर खंबे से भी भगवान निकल सकते हैं। भगवान ने जब जाति-पांत का भेद नहीं दिया तो फिर हम लोग कौन होते भेद करने वाले।

स्वार्थ हो गया है सब पर भारी...

डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि स्वार्थ सब पर भारी हो गया है। धर्म जोड़ता है। भारत के बाहर धर्म शब्द नही है। समाज में जो जाति-पांत का भेद पैदा हुआ है उसको हटाने का काम सभी को करना होगा। अब समय आ गया है कि हिंदू धर्म को भेद का समर्थन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। देश हमारा है, समाज हमारा, अपना पवित्र हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज है। इससे बनने और चलने से दुनिया का भला होने वाला है। इसे सभी बीमारियों से मुक्त करके खड़ा करना है। यह हम नहीं करेंगे तो हमारे अपने घर-परिवार और हम पर भी संकट है। पूज्य जगद्गुरु सुखानंदा द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य ने भी अनुकरणीय उद्बोधन दिया। स्वामी राघव देवाचार्य जी अपने रामानंद परंपरा के द्वादश शिष्यों के बारे में बताते हुए सबको जोड़ के साथ रहकर समरस्ता का विषय बताया।

स्पोर्टस प्रो 2023 के सेमीनार का सफल आयोजन

चोटों के बचाव, खिलाड़ियों की डाइट, खेल पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा

जबलपुर ,यशभारत। प्रार्थीमेड (आर्थिक आर्थोस्कोपी एन्ड स्पोर्टस संदरी सेन्टर) तथा साई (स्पोर्टस आर्थारिटी ऑफ इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में होटल कृष्णा में स्पोर्टस् प्रो 2023 के तहत स्पोर्टस एंजुरीस प्रीवेनशन एन्ड इम्प्रूविंग परफारमेन्सज विषय पर एक सेमीनार का सफल आयोजन किया गया. सेमिनार के सूत्रधार आर्थोमेड के डा.ब्रजेश ददरया तथा साँई प्रशासक कुलदीप सिंह बरार ने बताया कि उक्त सेमीनार में डाइट फार एथलीट, स्पोर्टस एंजुरी प्रीवेनशन, न्यूट्रीशियन फार स्पोर्टस पर्सन, स्पोर्टस एंजुरी मेंनेजमेन्ट, तथा स्पोर्टस साइकोलॉजी जैसे विभिन्न पर पहलुओं पर एक्सपर्ट डॉक्टर के द्वारा जानकारी दी गई है। खिलाड़ियों एवं जबलपुर के विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों, खेल संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम में पधारे विशिष्ठ अतिथियों म0प्र0 ओलंपिक संघ सचिव दिग्विजय सिंह, अर्जुन अवार्डी सुश्री मधु यादव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक विभाग प्रमुख डा. विशाल बन्ने, महाकोशल क्रीड़ा परिषद प्रमुख प्रशान्त मिश्र, म0प्र0 फुटबाल संघ सचिव अमित रंजन देव का स्वागत आयोजक डा. बृजेश ददरया एवं कुलदीप सिंह बरार द्वारा स्मृतिचिन्ह से किया गया । दूसरे चरण में न्यूट्रीशियन डा. दिव्या दिवाकर, डायटिशियन डा. निधि जैन तथा आर्थो डा. ब्रजेश ददरया द्वारा सेमिनार के समस्त विषयों पर सूक्ष्मतम जानकारी प्रदत कर उपस्थितजनों के सवालों का जवान देकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका अदा की। सेमीनार में उपस्थित खेल प्रशिक्षकों खिलाड़ियों एवं खेल संघ प्रमुखों ने खेलों में होने वाली चोटों के बचाव, खिलाड़ियों की डाइट, खेल पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक पहलुओं इत्यादि विषय पर एक्सपर्ट डाक्टरों से गहन विचार विमर्श किया। खेल, खिलाड़ी, प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञ डाक्टरों का यह सामूहिक प्रयास काफी सराहनीय रहा ।

न्यूज ब्रीफ

सदर जामा मस्जिद में हाफिज साहब का इस्तकबाल

जबलपुर, यशभारत। माहे रमजान अंतिम पड़ाव में है. मंगलवार को देर रात तक मस्जिदों में जलसए शबे कद्र की धूम रही. सदर की 128 साल पुरानी ऐतिहासिक जामा मस्जिद में हाफिज कारी मकसूद अहमद साहब ने तरावीह की नमाज अदाकरायी। शबे कद्र की रात मस्जिद कमेटी द्वारा हाफिज साहब की दस्तारबंदी कर उन्हें नजराना अता किया गया. इस मौके पर हजरत मौलाना सैयद हुसैन रब्बानी, मुतवल्ली अब्दुल शफ़ीक कुरैशी, हाफिज सलीम, अकबर खान, अमजद अहमद, पत्रकार तालिब हुसैन, इनायत अली, अयूब खान आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। रमज़ान मुबारक की पाक रात शबे कद्र नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित तमाम 80 मस्जिदों व नमाज़गाहो मे रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज़ मे कुरान शरीफ का पाठ पूर्ण किया गया मस्जिदों में हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तक़बाल हुआ।

जैन पुत्री शाला को भेंट किए ब्लैक बोर्ड

जबलपुर, यशभारत। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा द्वारा खोवा मंडी स्थित जैन पुत्री शाला में बालिकाओं की अध्ययन हेतु संभाग अध्यक्ष सुनीता मैक्स के द्वारा दो ब्लैक बोर्ड दिए गए । इस मौके पर अध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन ,सचिव श्रीमती अंजू जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती तमूराग जैन मौजूद रहीं।

हर्षोल्लास से मनाया ईस्टर मिलन समारोह

जबलपुर, यशभारत। मसीही युवा समिति जबलपुर के द्वारा ईस्टर मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।। मसीही युवा समिति के गायन समूह द्वारा यीशु जी उठा के गीतों को गाया । इस अवसर पर मंच संचालक पास्टर जी स्टैनली सुकुमार ने बताया कि ईस्टर पर्व प्रभु यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में मनाया जाता है।। कार्यक्रम के मुख्य अथिति वक्ता भाई नीलेश मसीह जी ने प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान एवं सफल जीवन के रहस्य को बताया।वही समिति के संयोजक शान कुमार एवम अध्यक्ष ममतल सालोमन ने समाज के सभी लोगो को ईस्टर की शुभकामनाएं प्रेषित किये।।इस दौरान समिति के सचिव मेशेक चौधरी, उपाध्यक्ष आनंद कुमार, कोषाध्यक्ष डेनियल राव, मनोज अन्थोनी, देवदानम, अन्थोनी, प्रताप, एडविन, विकास एवम मसीही भाई बहन शामिल रहे।।

24 अप्रेल से रीवा-पनवेल- के मध्य दस-दस ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर यशभारत। रेल प्रशासन द्वारा समर में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 01751/01752 रीवा-पनवेल-रीवा के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दस-दस ट्रिप के लिए चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रीवा से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी की यह है विस्तृत जानकारी

इस समर स्पेशल ट्रेन की स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी निम्न है।गाड़ी संख्या 01751 रीवा से पनवेल समर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दिनांक 24.04.2023 से 25.06.2023 तक रीवा स्टेशन से मध्य रात्रि 00.30 बजे प्रस्थान कर, सतना 01:50 बजे, मैहर 02ः23 बजे, कटनी 03ः50 बजे, जबलपुर 06.20 बजे, नरसिंहपुर 07.43 बजे, गाडरवारा 08.13 बजे, पिपरिया 08.45 बजे, इटारसी 10125 बजे, हरदा 11.20 बजे, खंडवा 13.15 बजे, भुसावल 15.10 बजे, नासिक रोड़ 19.10 बजे, कल्याण 22.40 बजे और 23.35 बजे पनवेल स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01752 पनवेल से रीवा समर स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक प्रत्येक मंगलवार को 25.04.2023 से 27.06.2023 तक पनवेल स्टेशन से मध्य रात्रि को 00ः45 बजे प्रस्थान कर कल्याण 01ः37 बजे, नासिक रोड 04ः17 बजे, भुसावल 08ः10 बजे, खंडवा 10ः42 बजे, हरदा 12ः00 बजे, इटारसी 13ः05 बजे, पिपरिया 14ः15 बजे, गाडरवारा 14ः48 बजे, नरसिंहपुर 15ः25 बजे जबलपुर 16ः20 बजे, कटनी 17ः45 बजे, मैहर 18ः35 बजे, सतना 19ः05 बजे और 20ः30 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। इस गा?ी में 01 वातानुकुलित प्रथम श्रेणी, 01 वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 24 कोच रहेंगे।रास्ते में यह गा?ी दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान ट्रेन एवं स्टेशन पर कोविड-19 से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर वर्कशॉप कमांडेंट से चर्चा

जबलपुर यशभारत ।गत दिवस भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) के जे सी एम 2 सदस्य वीरेन्द्र शर्मा का दिल्ली से जबलपुर आगमन हुआ ।इस दौरानजहां रेलवे स्टेशन पर 506 प्रतिरक्षा मजदूर संघ के महामंत्री अतुल साहू , राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सी एस साहू , गुलाब सिंह, देवराज बैस, लावण्या छिब्बर आदि ने उनका स्वागत किया। आर्मी बेस वर्कशॉप पहुंचे श्री शर्मा ने वर्कशॉप कमांडेंट से कर्मचारियों से जुड़ेअनेक मुद्दों पर चर्चा कर उनके निराकरण की चर्चा की।कमांडेंट ने कर्मचारियों के लिए किये जा रहे कल्याणकारी कार्यों की जानकारी देते हुए अन्य मुद्दों पर जल्द ही सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। संघ कार्यालय में अध्यक्ष अजय राजपूत जी सी एस साहू एवं दीपक दीवान आदि ने स्वागत किया महामंत्री अतुल साहू ने अन्य संस्थानों से वर्कशॉप से आए कर्मचारियों की वेतन विसंगति का मामला , सफाई कर्मचारी इंडस्ट्रियल कर्मचारियों के भर्ती नियम एनपीएस आदि मुद्दों पर गहन चर्चा की ।सभी मुद्दों पर उन्होंने सकारात्मक विचार व्यक्त किए और बताया कि बी पी एम एस ने सरकार पर दबाव बनाया इसके चलते सरकार ने एन पी एस पर कमेटी का गठन की गईहै । एन पी एस में कोई समझौता नहीं किया जाएगा । इस दौरान खमरिया के रूपेश पाठक राजेंद्र चरा?या बालेंद्र सिंह, दिनेशराय,राजनारायण यादव,गुलाब सिंह,गणेश (जेसीएम) अनिल बावरिया, अमित गुप्ता, दीपक प्रसाद,शिवदास बैनर्जी , हरि प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, विनोद विश्वकर्मा,अमित मिश्रा ,योगेंद्र प्रधान,विमल सिंह,सुनील खरे, ईश्वर दयालु उपस्थित थे।

बसों में लगने वाले पैनिक बटन व जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस की कीमत निर्धारित करें

डुजबलपुर, यशभारत। हाई कोर्ट ने परिवहन आयुक्त को बसों में लगने वाले पैनिक बटन व जीपीएस ट्रेकिंग डिवाइस की कीमत निर्धारण पर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को निर्देश दिए कि वे बस आपरेटर्स उक्त मांग को लेकर प्रस्तुत अभ्यावेदन पर 45 दिन के भीतर उचित आदेश पारित करें। आपरेटर्स का कहना है कि पड़ोसी राज्य राजस्थान में पैनिक बटन व जीपीएस डिवाइस इंस्टाल के लिए 32 सौ रुपये लिए जाते हैं, जबकि मध्य प्रदेश में इसकी कीमत 13 हजार 978 रुपये वसूली जा रही है। जिससे परेशान होकर आपरेटर्स ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। दरअसल यात्री बसों में पैनिक बटन और जीपीएस शासन द्वारा अनिवार्य किया गया है। दरअसल, केंद्र सरकार ने सवारी बसों में जीपीएस व पैनिक बटन की अनिर्वायता के संबंध में आदेश दिए थे। वर्ष 2018 से पहले की बसों में ये डिवाइस लगे नहीं है। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ग्वालियर ने एक आदेश जारी कर कहा कि जीपीएस व पैनिक बटन नहीं होने पर प्रदेश में परमिट तथा फिटनेस सार्टिफिकेट नहीं दिया जायेगा। इस आदेश के बाद जबलपुर के संजीव कोहली, विकास जायसवाल के अलावा भोपाल, नर्मदापुरम, सीधी, सतना, बैतूल कई जिलों के बस ऑपरेटर्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिकाकर्ता की ओर से दी गई दलीलः

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत ने दलील दी कि प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सिस्टम लगाने के लिए चार कंपनियों को अधिकृत किया था। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत कर बताया गया कि 15 अन्य कंपनियों को भी अधिकृत कर दिया गया है। इसके बाद कोर्ट को बताया गया कि उक्त सिस्टम के लिए राजस्थान में 32 सौ रुपये लिए जा रहे हैं, जबकि प्रदेश में लगभग 14 हजार रूपये लिये जा रहे हैं, जोकि अनुचित है।

30 दिनों के लिए बंद रहेगी गेट नम्बर 4 से स्नेह नगर मेन रोड

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम द्वारा शहर में अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। जिसके कारण कहीं-कहीं मार्गो को परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है। संभाग क्रमांक 2 के संभागीय यंत्री प्रदीप मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत गेट नंबर 04 से स्नेह नगर मेन रोड की ओर जाने वाली सड़क निर्माण का कार्य प्रगतिरत होने के कारण आज से 30 दिनों तक मार्ग बंद रहेगा। नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए निगम प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है।

क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय अब पमरी तरह से ऑनलाइन

मैनपावर कंपनियां प्रमुख चुनौती:सहरावत

जबलपुर, यशभारत। क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय, जबलपुर के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत महाकोशल क्षेत्र में सफलता के नये आयाम स्थापित किए हैं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। राकेश सहरावत ने प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में बताया कि डिजिटल इण्डिया के तहत् भविष्य निधि कार्यालय, जबलपुर द्वारा नियोक्तओं एवं भविष्य निधि सदस्यों के लाभार्थ कई ऑनलाइन सुविधाऐं प्रदान की गयी है, जिसमें नियोक्ता द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों का मासिक भविष्य निधि अंषदान ई0सी0आर0 के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना, भविष्य निधि सदस्यों के आधार एवं बैंक के0बाय0सी0 को ऑनलाइन यू0ए0एन0 से लिंक किए जाने की व्यवस्था कं अतिरिक्त पेंशनरों हेतु ऑनलाइन डिजिटल लाइफसर्टिफिकेट मोबाई एप, उमंग एप, फेस रिडर एप् एवं बायोमेट्रिक माध्यमों से जमा किया जाना जैसी महत्वपूर्ण पहल की गयी है। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अधीन जिला कार्यालय, सतना एवं छिंदवाड़ा भी स्थापित जिन पर सदस्यों को निकटम दूरी पर सामाजिक सुरक्षा संबंधी सेवाएं प्रदान करने का उत्तरदायित्व है। उन्होंने बताया कि मैनपावर कंपनियां प्रमुख चुनौती हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान क्षेत्रीय भविष्य निधि संगठन के जबलपुर रीजन में 2515 नए संस्थान सूचीबद्ध हुए। इन संस्थानों के माध्यम से 16627 नए सदस्य ईपीएफओ से जुड़े। क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से 98 प्रतिशत से ज्यादा दावों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 के दौरान कुल स्थापनाओं में वृद्धि उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें 2515 नवीन स्थापनाएं व्याप्ति हुई जिसमें 14फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह से कुल अंशदाताओं की संख्या में 08 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 14627 नये सदस्य जुड़े है।

उन्होंने बताया कि 98.51फीसद दावों का निपटान 07 दिनों में किया गया जिसमें से 84 प्रतिशत दावों का निपटान 03 दिन के भीतर किया गया। इसी तरह से मृत्यु दावों में 90 प्रतिशत दावों का निपटान 03 दिन के भीतर किया गया। आधार के0वाय0सी0 सिडिंग के बारे में उन्होंने बताया कि 99.94 प्रतिशत सदस्यों का आधार सिड किया जा चुका है। 76प्रतिशत सदस्यों का बैंक खाता सिड किया जा चुका है। 90837 सदस्यों द्वारा ई-नॉमिनेशन किया जा चुका है।जबकि 4180 शिकायतों का निपटान औसतन 05 दिनों में किया गया। जिसमें से 85 प्रतिशत शिकायतों का निपटान 03 दिनों में किया गया। श्री सहरावत ने बताया कि ''प्रयास'' योजना के तहत सेवानिवृत्ति के दिन पेंशनरों को पी0पी0ओ जारी किये।सेवानिवृत्ति के दिन पेंशनरों को कुल 278 पी0पी0ओ0 प्रदान किये गये। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में वर्तमान में कुल प्राप्त दावों मे से 95 प्रतिशत दावे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं जो कि इस सेवा की अपार सफलता का परिचायक है।

पत्रोपाधि अभियंता संघ ने समस्याओं के लिए पूर्व क्षेत्र प्रबंध संचालक से की मुलाकात

जबलपुर यशभारत। विगत दिवस मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. अशोक जैन के नेतृत्व में पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती नीता राठौर (मानव संसाधन एवं प्रशासन), मुलाकात कंपनी ने इतिहास मैं पहली बार मार्च 23 में एक माह का राजस्व संग्रह रुपए 847 करोड़ दर्ज हुआ गुलदस्ता भेंट कर उन्हें बधाई दी। साथ ही कनिष्ठ अभियंताओं की जाज जाज जायज समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई प्रबंध संचालक द्वारा उचित कार्रवाई का उत्सर्जन दिया । संघ ने अपनी मांगों के संबंध में अलग से चर्चा हेतु समय मांगा जिसके लिए उन्होंने मई के प्रथम सप्ताह कटवा दिया जिसमें निराकरण हेतु कार्रवाई की जाएगी ऐसा उनके द्वारा आश्वासन दिया सिविल के कनिष्ठ यंत्रियो को सहायक यंत्री का प्रभार देने चर्चा की गई, साथ ही कनिष्ठ यंत्रियों को अन्य सुविधाएं देने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि कनिष्ट यंत्री कंपनी की रीढ की हड्डी है अगर ये प्रता?ित होंगे तो कंपनी का भला कैसे होगा कनिष्ठ अभियंता वितरण केंद्रों विजिलेंस, एस. टी. सी. एवं अन्य जगहों में काम कर रहे है एवं अच्छा काम कर रहे है। प्रबंध संचालक द्वारा इस दिशा में सकारात्मक पक्ष दिखाया और आश्वस्त किया। इस दौरान संघ के इंजी. सी. के. लखेरा, एमआईबी बैग एस के झारिया दीपक रजक उमंग राय गौतम मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

मस्जिद कमेटी एवं नमाजियों द्वारा हाफिजो

सिख समाज द्वारा अफ़्तार कराया गया

जबलपुर यशभारत। गढ़ा स्थित काजी मोहल्ला ईदगाह में आज पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू के नेतृत्व में सिख समाज द्वारा रोजा अफ़्तार का आयोजन किया गया ।इस मौके पर हाजी तौसीफ रजा, मुबारक कादरी,एस के मुद्दीन, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू आदि ने कहा कि आज देश में अमन-चैन और इंसानी भाईचारे की आवश्यकता है। ऐसे कौमी एकता के आयोजन मील का पत्थर साबित होते है । अफ़्तार मे हरजीत सिंह सूदन, प्रभजोत सिंह बबलू, कश्मीरी गुरुदेव सिंह, पांधे अवतारसिंह बांगा, सुदीप सिंह सैनी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शमिल हुए।

तेज धूप झुलसाने आमादा, पश्चिमी गर्म हवा करा रही लू का अहसास

जबलपुर, यशभारत। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार की तरह बुधवार की सुबह से ही सूरज आंख तरेरे रहा। तेज धूप जहां झुलसाने आमादा रही वहीं पश्चिमी गर्म हवा लू का अहसास कराती रहीं। आज भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से. ऊपर ही रहने के संभावना है। यह आज 42 डिसे तक जा सकता है। तेज गर्मी से लोगों के पसीने छूटते रहे। बिना टोपी, चश्मा, गमछे के धूप में निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय हो रहा है इसके असर से बादल आ गए हैं जिससे अगले 24 घंटे में जबलपुर सहित संभाग के जिलों में तेज हवा के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।दो-तीन दिन तक इसका असर रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) भी एक्टिव होगा। जबलपुर सहित संभाग के जिलों 21 अप्रैल तक मौसम की रंगत बदली रहेगी कहीं-कहीं हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। बहरहाल गर्मी के तीखे तेवरों से अधिकतम तापमान भी बढ़कर 41 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे ही पारा 31.6 डिसे पर जा पहुंचा था। जिससे दिन में तेज गर्मी महसूस की गई वहीं बादलों के कारण उमस भरी गर्मी का अहसास होता रहा। गत वर्ष की बात करें

तो आज के दिन अधिकतम तापमान 42.9 और न्यूनतम 23.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

ऐसे करें लू से बचाव

गर्मी में बॉडी का लू से बचाव करने के लिए पानी का अधिक सेवन करें, लिक्विड का सेवन ज्यादा करें। लिक्विड में फ्रूट जूस और ओआरएस का सेवन ज्यादा करें, खीरा,तरबूज और अनार का सेवन करें, गर्मी में ज्यादा समय तक रहने से बचें, ठंडे तापमान में रहें, कॉटन के कपड़े पहनें।

बीमार पड़ने से बचना चाहते हैं तो फॉलो करें ये घरेलू उपाय

अप्रैल का तीसरा हफ्ता चल रहा है लोग भयंकर गर्मी से परेशान हैं. शरीर के लिए इस गर्मी को झेलना काफी मुश्किल होता है. इसके चलते कई बार लोग बीमार भी पड़ जाते हैं. ऐसे में अगर आपको गर्मी के चलते बीमार होने से बचना है तो इन घरेलू नुस्खों को जरूर आजमाएं.

1. ठंडा पानी पिएं

रोजाना पर्याप्त मात्रा में ठंडा पानी पिएं. पानी शरीर को ठंडा रखने का नैचुरल तरीका है. कम से कम पांच लीटर पानी का सेवन करें.

2. ज्यादा तेल मसाला खाने से बचें

सबसे पहले गर्मियों में शरीर को ठंडा रखना जरूरी है. खासकर पेट को ठंडा रखना. इसलिए ज्यादा तेल व मसालेदार खाने से बचना चाहिए. इससे आपका पेट और शरीर गर्म हो जाता है.

3. मूली का सेवन करें

मूली फाइबर में भरपूर है. इसका सलाद खाएं. कब्ज की समस्या दूर होती है. मूली में मौजूद पानी बॉडी हीट से राहत दिलाने में मददगार है.

4. दही

प्रोबायोटिक से भरपूर दही न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करता है.

5. विटामिन सी

विटामिन सी देने वाले आहार खाएं. नींबू, संतरे जैसे फलों में विटामिन सी पाया जाता है. विटामिन सी शरीर का तापमान कम करता है.

6. तिल का सेवन

इसकी तासीर भी ठंडी होती है. बीजों को पानी में भिगो लें और फिर इस पानी को छान कर पी लें.

7. पुदीना

यह हमें लू से बचाता है और शरीर को भी ठंडा रखता है.

8. प्याज

इसे नींबू और नमक के साथ मिलाकर इसका सलाद तैयार करें. या इसे अपनी सब्जियों, करी और रायते में भी शामिल कर सकते हैं।

अब सुबह 7 बजे से 12 बजे तक ही लगेंगे स्कूल, कलेक्टर के आदेश का शुरू हुआ पालन

जबलपुर के कई शासकीय और अशासकीय स्कूल आज बुधवार से सुबह 7 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक खोल गए। दरअसल यह आदेश कलेक्टर सौरभ सुमन ने जारी किया है। जिसका पालन शासकीय और अशासकीय स्कूलों को करना होगा। जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण कलेक्टर ने यह फैसला लिया हैं। गौरतलब है जबलपुर में इन दिनों 40 डिग्री के ऊपर तापमान चला गया है। जिसके कारण भीषण गर्मी से अब लोगों को सामना करना पड़ रहा है। वहीं छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए कलेक्टर ने सभी स्कूलों में अध्यापन का समय सुबह 7 बजे से साढ़े 12 बजे के बीच रखा है। हालांकि यह आदेश शाम को कलेक्टर के द्वारा जारी किया गया। दूसरी तरफ इस आदेश का पालन आज से किया जाना था लेकिन शाम को आदेश जारी होने के बाद कुछ स्कूलों तक आदेश की कॉपी नहीं पहुंची है। जिसके कारण कुछ स्कूल अपने समय में ही खोलें हालांकि गुरुवार से सभी स्कूलों में अध्यापन का समय सुबह 7 बजे से 12.30 बजे के बीच ही होगा।

मालवीय को फोटोग्राफी का लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड

जबलपुर यशभारत। यह जाने-अनजाने छायाकार 2023 का पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ स्वर्गीय शशिन यादव स्मृति यह जाने-अनजाने छायाकार प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण आज रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित कला वीथिका में विशिष्ट अतिथि प्रभात साहू मोहन मोहन ,शशि छाया, राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में शशिन यादव के चित्र पर सभी अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं दीप प्रज्वलन किया गया इसके बाद अतिथियों का स्वागत क्रमशः राजेश्वर राव प्रमोद बढ़ समुद्रकर द्वारा किया गया अतिथियों को स्मृति चिन्ह हर्ष तिवारी व सौरभ यादव ने प्रदान किया। अपने उद्बोधन में मोहन शशि ने बताया की मिफोसो का आरंभ कैसे और किस उद्देश्य से किया गया मुख्य काम नवोदित छायाकारों को एक मंच प्रदान करना था विगत 48 वर्षों से यह काम मिफोसो द्वारा लगातार किया जा रहा है और अब इस आयोजन की प्रतिष्ठा ना सिर्फ शहर में बल्कि शहर से बाहर भी महानगरों तक पहुंच गई प्रभात साहू ने कहा कि यह आयोजन शहर के लिए एक शान है और शशिन जी के प्रति लोगों का प्यार हैं इसमें प्रारंभ किए गए नगर निगम की पुरस्कार राशि को उन्होंने बढ़ाने की अनुशंसा की जिन प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया वह निम्नानुसार हैं। श्वेत श्याम वर्ग में:-प्रथम-राकेश रावल (मुम्बई), द्वितीय- पुलकित रावत (इंदौर), तृतीय- सीतानाथ पाल (कोलकत्ता), सांत्वना पुरस्कार क्रमशः राजू तिवारी, ऋषि समद, बलवंत (इंदौर), देशभूषण जैन (दिल्ली), निजाम मंसूरी, यश गुप्ता, बिप्लव सिकदार (कोलकत्ता), डॉ. अनिमेष सक्सेना (भोपाल), अनुराग बडोलिया, राघव, श्याम करोसिया। रंगीन वर्ग में:-प्रथम- सचिन गोंटिया, द्वितीय- लक्ष्य जाट, तृतीय- विवेक जोशी मुम्बई,सांत्वना पुरस्कार क्रमशः राकेश रावल (मुम्बई), सोमिन जैन, मुकेश श्रीवास्तव (धनबाद), सीतानाथ पाल (कोलकत्ता), अंशुल सिन्हा,शोभित जैन, कु. सुचिश्मिता, कु.अन्वी गुरव, डा. अनिमेष अडे, कपिल कोल्टे, पलाश, यू. मेहरभुवनेश्वर, अजय आरनॉल्ड , गुरविंदर सिंह छाबड़ा, सिध्दार्थ पटवा, अरविंद गिरिडकर,दिलीप भालेराव (इंदौर), उमेश सोनी (इंदौर), गौरव राठौर, अफरोज खान, सुशील चौबे, शंकर गुप्ता, इस अवसर पर अरविंद यादव की स्मृति में दिया जाने वाला प्रेस फोटोग्राफी का लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड राजेश मालवीय को प्रदान किया गया जिसमें ?5000 की राशि एवं सम्मान पत्र प्रदत किया गया अत में कार्यक्रम का आभार मुकुल यादव द्वारा किया।

हिमालयन एकेडमी की 126 रन से जीत

जबलपुर, यश भारत। संजीवनी नगर क्रिकेट एकेडमी लाल मैदान में आयोजित सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को हिमालय एकेडमी ने पी जी कॉलेज नरसिंहपुर गर्ल्स टीम को 126 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालयन एकेडमी 25 ओवर में 186 रन बनाए जिसमे शुभ और आराध्य ने 50 50 रन बनाए। जवाब में पी जी कॉलेज नरसिंहपुर गर्ल्स की टीम 56 रन पर सिमट गई। जिसमें खुशी 33 रन बनाए।हिमालयन की ओर से आकिब ने 4 , आकाश ने 3 और यश ने 2 विकेट लिए। मैच के दौरान पी जी कॉलेज नरसिंहपुर के स्पोर्ट्स ऑफिसर अर्पित सक्सेना, हरीश परिहार, लकी यादव, अरूण जैन उपस्थित रहे।

कर्मचारी जगत

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश से शिक्षक असमंजस में

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाष घोषित किया जाए

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मांग की कि भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाष घोषित किया जाए संघ के प्रांताध्यक्ष एंव जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल षिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के द्वारा 12 अप्रैल को पत्र क्रमांक एफ44-4/2सी19/20-2 के द्वारा यह निर्देष दिए गए हैं कि प्रदेष की सभी शासकीय शालाएं कक्षा 3 से 12 तक का नवीन शैंक्षणिक सत्र 2023-24 दिनांक 17 अप्रेल 2023 से प्रारम्भ होगा। शासन के इस आदेष से पूरे प्रदेष के षिक्षक भ्रमित और असमंजस में हैं कि अभी हाल ही में 5वीं और 8वीं की परीक्षा समाप्त हुई है वहीं कक्षा1 से लेकर कक्षा 11वीं तक के होम इग्ज़ाम अभी समाप्त हुए हैं और अभी मूल्यांकन कार्य चल रहा है ऐसे में जब अभी रिज़ल्ट ही घोषित नहीं किया गया तो सत्र प्रारम्भ करना समझ से परे है। वहीं दूसरी तरफकोविड के नए मरीज प्रतिदिन निकल रहे हैं ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासकीय एवं अषासकीय शालाओं में ग्रीष्मकालीन अवकाष घोषित किया जाना चाहिए।संघ ने आगे बताया कि जहां सभी अषासकीय शालाओं में दिनांक 20 से 25 के बीच ग्रीष्मकालीन अवकाष घोषित किए जाएंगे वहीं इस भीषण गर्मी में यदि शासकीय शालाओं के बच्चों को नए सत्र प्रारम्भ के नाम पर अब बुलाया जाता है तो संभवतः वे भीषण गर्मी के चपेट में आकर लू से ग्रषित होकर बीमार पड़ सकते हैं। वहीं षिक्षकों की ड्यूटि लाड़ली बहना योजना शिविर में लगाई गयी है और अभी 5वीं 8वीं का मूल्यांकन कार्य बाकी है जिसमें श्रिक्षकों की ड्यूटि लगाई जाएगी वहीं हाईस्कूल और हायर सेकेन्ड्री स्कूलों के षिक्षकों को भी 10वीं 12वीं के मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है साथ ही अन्य कक्षाओं का मूल्यांकन कार्य भी चल रहा है। ए परीक्षा परिणाम अभी आए नहीं ऐसे में कक्षा बंदी भी नहीं की जा सकती फिर भी स्कूलों में प्रवेषोत्सव मनाया गया।संगठन के सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, रऊफखान, गुडविन चार्ल्स, अफ्रोज खान, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, आदि ने शासन से मांग की है कि भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किए जांए।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग
N.I.T. No.-PWD-e-Tendering/PRO-34 Dated 18.04.2023

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	पैकेज/कोड	कार्य का विवरण	जिला	अनुमानित लागत (लाख में)	निर्माण अवधि (माह में)
1.	सं.क्र. -11	रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में धोबीघाट में वन्दे मातरम् कॉलोनी में सीमेंट सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा)	जबलपुर	रु. 3.80 लाख, (तीन लाख अस्सी हजार रुपये मात्र)	2 माह

1. इच्छुक निविदाकर निविदा सूचना (NIT) का विवरण https://mptenders.gov.in में देख सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 21.04.2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 30.04.2023, सायं 05.30 बजे तक ऑनलाइन क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

JABALPUR MUNICIPAL CORPORATION
NIT No. PMAY/2023/PRO-40 Date 18.04.2023

Notice Inviting Tender (1st Call)

Online tenders for the following works have been invited on e-procurement systems portal http://mpeprocurement.gov.in Tender details as given below SOR used :- UADD SOR w.e.f. 02/08/2021.

S.N.	Name of Work	Estimated Cost of work & Earnest Money	Cost of tender form	Time Period
1.	Construction of Boundary Wall and Fixing of Paver Block at Lema Garden Gohalpur.	144.31 Lacs 72,200/-	12,500.00	6 Month including rainy season
2.	Building Repairing work at Lema Garden Gohalpur.	108.36 Lacs 54,200/-	12,500.00	6 Month including rainy season
3.	Infrastructure development work at Maharajpur.	71.70 Lacs 53,800/-	10,000.00	6 Month including rainy season
4.	Infrastructure development work at Brijmohan Nagar.	84.15 Lacs 63,150/-	10,000.00	6 Month including rainy season
5.	Infrastructure development work at Garha Purwa.	34.25 Lacs 25,700/-	5,000.00	6 Month including rainy season
6.	Infrastructure development work at Kariya Pathar.	19.16 Lacs 14,400/-	2,000.00	6 Month including rainy season

Earnest money will be accepted in online mode only. Other details i/c terms & conditions can be seen on above mentioned portal.

Additional Commissioner
Municipal Corporation Jabalpur

मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग की ऑनलाइन बैठक

भोपाल में जल्द आयोजित होगी युवा कांग्रेस मिडिया विभाग की प्रदेश स्तरीय बैठक

भोपाल यशभारत। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा आनलाईन बैठक का आयोजन गत दिवस किया गया जिसमें मुख्य रूप से मीडिया विभाग के *राष्ट्रीय समन्वयक वरुण पांडे* , *मिडिया विभाग मध्यप्रदेश के चैयरमैन विवेक त्रिपाठी* एवं सभी *जिलों के चैयरमेन एवं समन्वयक * उपस्थित हुए। वरुण पांडे* ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिडिया विभाग के हर एक कार्यकर्ता की है इसलिए आप सभी अभी से कमर कस लें और चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने जिलों में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कमलनाथ जी का संदेश और भाजपा सरकार के कुशासन को मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें । बैठक में मौजूद *विवेक त्रिपाठी* ने बताया की मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार झूठ और तानाशाही का पर्याय बन चुकी है और प्रदेश के मुख्यमंत्री जनता को गुमराह करने में माहिर हैं इसलिए युवा कांग्रेस मिडिया विभाग को जनता के असल मुद्दे मिडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने होंगे. त्रिपाठी ने बताया युवा कांग्रेस मिडिया विभाग भोपाल मे जल्द ही प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन करेगी इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलो से कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। मिडिया विभाग के जिला समान्यबक आशुतोष दुबे ने कहा की इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है हम सभी लोग लोकतंत्र की इस बडी लडाई के लिए तैयार हैं.। भाजपा के कुशासन से प्रदेश की जनता को जल्द मुक्ति मिलने वाली है ।

स्वर्णकार खुशहाल तो देश खुशहाल

एच.यू.आई.डी. में सरलीकरण धारा 411-412 में संशोधन

जबलपुर, यशभारत। सन् 1963 में स्वर्ण नियंत्रण कानून लागू होने पश्चात संपूर्ण देश के स्वर्ण कारीगरों व छोटे एवं मध्यम वर्ग के कारोबारियों के हितों के लिये कार्य कर रही अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ (3545) के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक लक्सा रोड स्थित मारवाडी युवक संघ भवन के सभागार, उत्तरप्रदेश स्वर्णकार संघ के आतिथ्य में रविवार को आयोजित हुई।कार्यसमिति की बैठक में संस्कारधानी जबलपुर के शिव कुमार सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भी हिस्सा लिया। संघ के राष्ट्रीय सचिव सोनी ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में सभी वक्ताओं जो कि पूरे भारत के विभिन्न प्रदेशों से आये हुए थे सभी ने एच.यू.आई.डी. के नियमों को अस्वीकार कर दिया और कहा कि एच.यू.आई.डी. से लाखों कारोबारियों का धंधा खत्म हो जायेगा। मध्यम वर्ग के व्यापारियों का जांच के नाम पर उत्पीडन शुरू हो जायेगा। सोने की शुद्धता के नाम पर परेशान किया जायेगा। सरकार इस प्रावधान पर सरलीकरण लाये नहीं तो सभी कारोबारी धंधा बंद कर विरोध प्रदर्शन कर सड़कों पर उतरेगें। जो सरकार हमारे हितों की रक्षा करेगी पूरे देश का स्वर्णकार उसी को वोट करेगा। साथ ही केन्द्र एवं प्रदेश सरकारों से मांग की कि सभी प्रदेशों में स्वर्णकला बोर्ड का गठन किया जाये साथ ही धारा 411-412 में भी संशोधन किया जाये। इस अवसर पर अभ्यागतों को अंगवस्त्रम माल्यार्पण तथा स्मृतिचिन्ह एवं परिचय पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

अवैध उत्खनन को लेकर सौंपा ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। नर्मदा में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर मध्य भारत मोर्चा के पदाधिकारियों ने कॉलक्टरेट कार्यालय पहुँच कर ज्ञापन सौंपा जिसमे नर्मदा में नियम विरुद्ध जो पोकलेन मशीन लगा कर रेत निकली जा रही है उस पर करवाही की मांग की है,बिभिन्न छेत्र जैसे कुसली, ठूँठा,कू?ा ,इन्द्रवास ,पावला स्तिथ जुगपुरा में भी अवैध उत्खनन मशीन लगा कर हो रहा है। जिस पर रोक लगनी चाहिए और जो अन्य घाट है,उन पर भी करवाही करने की मांग की है। और साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपा जिसमे उन्होंने एक टीम गठित कर करवाही करने का अस्वासन मोर्चा के पदाधिकारियों को दिया है। वहीं कार्यवाही न होने पर मध्य भारत मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, आशिष मिश्रा, शिवम अहिरवार, अंकित सिंह, कुलदीप , बल्लू पटेल, दीपक मिश्रा, आदि उपस्तिथ रहे।

कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/ आयुक्त, नगर पालिक निगम, जबलपुर
क्रमांक-अधी.यंत्री/कालोनी सेल/जनसंपर्क/2023-24/87/पीआरओ-35 दिनांक : 17.04.2023

प्रारंभिक सार्वजनिक सूचना

नगर निगम सीमान्तर्गत मौजा गोहलपुर नं.बं. 601 प.ह.नं. 24/2 नया 29 खसरा नं. 165/2 कुल रकबा 13339.30 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की गई अवैध कालोनी के संबंध में अवैध कालोनी निर्माताओं / आम नागरिकों एवं संबंधितों को इस सूचना के माध्यम से जनहित में सूचित किया जाता है कि, प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अवैध कालोनी मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 के अधीन अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रुपये 29 प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर विकास दर अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने के लिये तैयार योजना के अवलोकन पश्चात सर्व सम्बंधितों को यदि कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना है, तो वह नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय कालोनी सेल कक्ष क्रमांक-5 में इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्रश्नाधीन कालोनी के संबंध में तैयार कराई गई सर्वेक्षण रिपोर्ट अभिन्यास एवं उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन भी किया जा सकता है। आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यथा प्रकाशित रूप में अंतिम मान्य किया जा सकेगा।

अपर आयुक्त हेतु
सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त,नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री,
लोक निर्माण विभाग, (पी.आई.यू.) बालाघाट (म.प्र)
E-mail :- dpebalaghat@gmail.com phone no. :- 07632-247833

-: निविदा सूचना :-

म.प्र. राज्यपाल की ओर से पंजीकृत ट्रेवल एजेन्टस/निवेश कर्ताओ से संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) बालाघाट के अंतर्गत निम्नप्रकार के वाहन शासकीय निर्माण कार्यो के निरीक्षण हेतु मासिक दर पर लेने हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 13.04.2023 को सायं 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती हैं ।

क्र.	वाहन का प्रकार	मॉडल	वाहन जहाँ उपयोग में लिया जाना है।
1	बुलेरो 03 नग एवं स्कार्पियों 01 नग (टेक्सी परमिट) (पी.ओ.एल. रहित)	01 जनवरी/2021 के पश्चात का मॉडल	सम्पूर्ण जिला एवं आवश्यकता पड़ने पर जबलपुर/भोपाल

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में दि. 22.04.2023 तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरांत रू. 1000/- नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। डाक से निविदा प्राप्त करने हेतू रू. 200/- अतिरिक्त देय होगें। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने की जवाबदारी विभाग की नहीं होगी।

निविदायें दिनांक 24.04.2023 को 3:30 बजे इच्छुक निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा संबधी विस्तृत विवरण व शर्ते किसी भी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

संभागीय परियोजना यंत्री
लो.नि.वि. (पी.आई.यू.)
बालाघाट (म.प्र.)

G-11638/23 सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाएँ, यातायात को और भी बेहतर बनाएँ।

तुमने सुना होगा कि संतोषी सदा सुखी। सुख चाहिए तो संतोष रखो। जिसने संतोष से दोस्ती की उसने जिंदगी में बहुत सुख भोगा। संतोष कहता है जो तुम्हारे पास है उसका सुख भोगो। जो नहीं है उसके पीछे पागल मत बनो। जो अपने पास है वही अपना हे, शेष तो सपना है। जो नहीं मिला, उसके लिए ईश्वर से शिकायत मत करो बल्कि जो मिला, उसके लिए उसे धन्यवाद दो।

-मुनिश्री तरुण सागर

संपादकीय

48 दिन में 44 साल के खौफ का अंत

प्रयागराज से लेकर उत्तर प्रदेश के कई शहरों में जिस आतंक और दहशत को कायम करने में माफिया अतीक अहमद ने 44 साल लगाए उसे यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महज 48 दिनों में खत्म कर दिया । अतीक और उसके करीबियों के काले कारोबार के साम्राज्य को ध्वस्त करने में अब योगी सरकार को प्रवर्तन निदेशालय का भी साथ मिल रहा है । अतीक अहमद पर पहला आपराधिक मामला 1979 में प्रयागराज के खुल्दाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। तब से 44 साल के उसके आपराधिक सफर में उस पर 102 केस दर्ज हुए लेकिन किसी भी मामले में कोई सरकार उसे सजा नहीं दिलवा पाई । अपराध की दुनिया से राजनीति में आकर चार दशक तक स्वछंद राज करने वाले माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ का जिस तरह से अंत हुआ, उसने कोई अच्छा संदेश नहीं दिया। एक माफिया डॉन के साथ सहानुभूति नहीं होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह पुलिस सुरक्षा के घेरे में उनकी हत्या हुई और पुलिस मूकदर्शक बनी रही, उससे उ.प्र. की पुलिस की साख पर आंच आई। कठघरे में तो राज्य का राजनीतिक नेतृत्व भी आया है। पुलिस कर्मियों के निलंबन और जांच आयोग के गठन को राज्य सरकार की छवि सुधारने की कवायद के रूप में देखा गया। बहरहाल माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या को उस कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है, जिसकी शुरुआत प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के सरकारी गवाह उमेश पाल की सरेआम हत्या से हुई। जिसे प्रदेश सरकार व पुलिस ने अपने लिये चैलेंज माना। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की टिप्पणी भी सामने आई थी। जिससे साफ हो गया था कि राज्य की सरकार व पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी। पहली प्रतिक्रिया, उमेश पाल हत्याकांड में शामिल बताये जा रहे अतीक के बेटे असद व उसके साथी की मुठभेड़ में मौत के रूप में सामने आई। जिसके जरिये सरकार व पुलिस ने संदेश देने का प्रयास किया कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, बख्शा नहीं जायेगा। यूं भी योगी सरकार के दौरान कई हजार मुठभेड़ों व डेढ़ सौ से अधिक अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने पर भी विपक्षी नेता सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन सवाल यही है कि क्या पुलिस इन अपराधियों को गिरफ्तार करके न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंड नहीं दिलवा सकती थी? वैसे कहा जाता रहा है कि न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी चलती है कि अपराधी धनबल, बाहुबल और सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संरक्षण पाकर बरी होने की कवायद में लगातार लगे रहते हैं। वैसे राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन के बाद इस तरह के बड़े माफियाओं के फिर ताकतवर होने के बाद पुलिस के लिये भी निष्पक्ष रूप से जांच करना मुश्किल हो जाता है। वैसे प्रदेश में कई राजनीतिक दलों की सरकारों में ऐसे दागी टिकट पाकर जनप्रतिनिधि बनते रहे हैं और अपने विरोधियों को ठिकाने लगाना शुरू कर देते हैं। लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अतीक व अशरफ की हत्या पुलिस की कार्यशैली पर सवाल ही खड़े करती है। आखिर ऐसे कुख्यात डॉन के आसपास मीडिया की भीड़ को क्यों जाने दिया गया, जिसको दूसरे गैंगों के अपराधियों से हमले का खतरा बराबर बना हुआ था। इसी कमजोर कड़ी को भांपकर ही अपराधियों ने फर्जी मीडियाकर्मी बनकर हत्याकांड को अंजाम दिया। बहुत संभव है आने वाले दिनों में सत्ताधीश इस घटना के बहाने माडिया की आजादी को कुतरने का प्रयास करें। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड के बाद राजनीतिक रोटियां सेंकने का उपक्रम भी तेज हो गया है। कुछ राजनीतिक दल संप्रदाय विशेष के अपराधियों को ही निशाने पर लेने की बात कर रहे हैं। वहीं सत्तापक्ष के भी कुछ नेताओं के अमर्यादित बयान सामने आये हैं।

क्या अतीक -अशरफ हत्याकांड की तह तक जा पाएगा न्यायिक आयोग?

शनिवार की रात उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में साढ़े दस बजे के आसपास पुलिस कस्टडी में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य ने न्यायिक जांच के आदेश ही नही दिए अपितु इसके लिए आयोग भी गठित कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अरविन्द कुमार त्रिपाठी द्वितीय की अध्?यक्षता में आयोग का गठन हुआ है। इसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबेश कुमार सिंह और इलाहाबाद के रिटायर्ड जनपद न्यायधीश ब्रजेश कुमार सोनी को सदस्य बनाया गया है। आयोग से कहा गया है कि वह जांच कर दो माह में रिपोर्ट दे दे।आयोग बन गया किंतु प्रश्न यह है कि क्या यह आयोग हत्या के कारणों की तह तक जा पाएगा?

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को शनिवार को मेडिकल कराने ले जाया जा रहा था। मेडिकल कॉलेज के पास मीडियाकर्मी बनकर आए बाइक सवार तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। अतीक और अशरफ के सिर में गोलियां लगीं। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।सारी घटना एक मिनट में पूरी हो गई। जब तक मृतक अतीक और अशरफ के सुरक्षा कर्मी सचेत होते,एक्शन करते कि हमलावरों ने सर्मपण कर दिया। हमलावरों की पहचान लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी के रूप में हुई। लवलेश बांदा का रहने वाला है, जबकि अरुण मौर्य हमीरपुर का तीसरा आरोपी सनी कासगंज से है। बताया जा रहा है कि हमलावर दो दिनों से प्रयागराज के किसी होटल में रुके हुए थे। जांच में यह बात सामने आई है कि तीनों सामान्य परिवार से हैं,उनकी आर्थिक हालत ऐसी नही कि वह हत्या में प्रयोग किया छह -सात लाख का पिस्टल खरीद सके। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि उन्हें पिस्टल किसने उपलब्ध कराया? उनके पीछे कौन है? माफिया अतीक और अशरफ की हत्या से किसका लाभ था? क्या मरने वाले इन दोनों माफियाओं के पास कोई ऐसा राज था,जिसके खुलने का मरवाने वाले को डर था। एक यह भी बात आ रही है।इस समय प्रदेश में स्थानीय निकाए चुनाव चल रहे हैं, क्या कोई सरकार विरोधी या योगी आदित्य नाथ विरोधी शक्ति तो इसके पीछे नही हैं? बहुत सारे सवाल हैं। क्या जांच आयोग इस कांड की तह तक जा पाएगा?

हालाकि हत्याकांड के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देर रात डीजी, एडीजी और प्रमुख सचिव के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अशरफ और अतीक की सुरक्षा में लगे सभी 17 सुरक्षा कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

इस दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड के लिए आरोपियों का कहना है कि हम अतीक गैंग का सफाया करना चाहते थे। हम प्रदेश में अपना नाम कमाना चाहते हैं। इसीलिए हमने अतीक और उसके भाई को मारने का निर्णय लिया।दोनों को मारने के लिए हम पत्रकार बनकर आए थे। ये जानकारी शुरूआती पूछताछ में पता चली।आगे

क्या निकलेगा,यह पूछताछ का मसला है। किंतु इन मौत के पीछे शक की सूई कुछ प्रभावशाली सफेदपोशों की ओर भी घूमने लगी है। एक दिन पहले ही धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया अतीक ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने रिश्तों का खुलासा किया था। आशंका जताई जा रही है कि राज खुलने के डर से माफिया और उसके भाई की तो कहीं जान नही ली गई। अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज खुलासे किए । प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई गणमान्यों के नाम गिनाए थे।यह वो नाम हैं जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। रियल एस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपाने वालों के अलावा कई सफेदपोशों तक आंच आने लगी थी। इस तरह के पचास से अधिक नामों का अतीक ने खुलासा किया था।अपराध की दुनिया में दखल रखने वाले माफिया अतीक के कई राजनीतिक दलों के नेताओं से भी रिश्ते रहे हैं। अतीक राजनीतिक दलों को साधने में भी बखूबी माहिर था। यही वजह थी कि दो दशकों तक उसकी अंगुलियों पर सरकारें नाचती रहीं और आला पुलिस का अधिकारी उसके सियासी रसूख के आगे घुटने टेकते रहे।

अतीक और उसके भाई अशरफ की मौत के पीछे कारण कुछ भी हो, किंतु यह तो स्पष्ट है कि इसके पीछे इलेक्ट्रोनिक मीडिया भी कहीं जिम्मेदार है।जिस तरह से साबरमती जेल से लेकर अतीक अहमद और अशरफ की हत्या होने तक इलेक्ट्रोनिक मीडिया उनके पीछे लगा रहा। इनकी एक -एक गतिविधि को दिखाने की विभिन्न चैनल में होड लगी रही,उससे सुरक्षा कवच भेद दिए जाने के अवसर तो पैदा हो ही गए । हमलावरों को पल -पल की लोकेशन तो मिलती ही रही। बाइटस के नाम इलैक्ट्रानिक मीडिया का कहीं भी घुंस जाने का हमलावरों ने फायदा उठाया।उन्हें जानकारी थी कि ऐसे अवसर पर इलैक्ट्रानिक मीडिया की कोई जांच नही करता।सो उन्होंने भी कैमरा और आईडी लेकर इलैक्ट्रानिक मीडिया कर्मी बन घटना को सरलता से अंजाम दे दिया।यदि माफिया अतीक और अशरफ को मीडिया को बाइट देने के लिए रोक दिया जाता।मीडिया कर्मियों को सुरक्षा घेरे से दूर रखा जाता तो संभवतः यह हादसा नही हो पता।

यह पहला अवसर नही है जब इलैक्ट्रिक मीडिया की लाइव घटना दिखाने का अपराधियों और आतंकवादियों ने फायदा उठाया हो।इससे पहले भी मुंबई पर आतंकवादी हमले में ऐसाहो चुका है।हमारा इलैक्ट्रानिक मीडिया मुंबई पर आतंकवादी हमले की घटना को लाइव दिखाने के चक्कर में हमारे सुरक्षाबलों और कमांडो की कार्रवाई को लाइव दिखाता रहा। हमलावरों के आका ये कार्रवाई देख पाकिस्तान से हमलावरों को गाइड करते रहे।ये भी सूचना रहीं कि आतंकवादी होटल के अंदर कमरे में लगे टीवी पर सुरक्षाबलों की कार्रवाई देख उसने बचने की योजना बनाने में लगे रहे।

एक बात और हमारे सुरक्षा कर्मी और नेता टीवी पर अपने चेहरे देखने का लोभ संवरण नही कर पाते।इसीके लिए वे सुरक्षा मानकों में चूक कर जाते हैं। ये इलेक्ट्रानिक मीडिया को देख बाइट देने खुद उसकी ओर बढ़ जाते हैं। यहां भी ऐसा ही हुआ।यदि सुरक्षाकर्मी मीडिया को अतीक और उसके भाई अशरफ से दूर रखने में कामयाब हो जाते , दोनों के सुरक्षा घेरे में मीडिया को न आने देते तो ये हादसा न होता।

सरकार ने पुलिस घेरे में हुए इस दुहरे मर्डर की न्यायिक जांच के आदेश तो दे दिए हैं, किंतु प्रश्न यह है कि क्या ये न्यायिक जांच आयोग इस कांड में मौके पर मौजूद इलेक्ट्रोनिक मीडिया की भूमिका की भी जांच करेगा? क्या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के लिए कोई गाइड लाइन बनाने की सिफारिश भी करेगा?क्या कुकरमुत्तों की तरह रोज ङ्करोज उग रहे न्यूज पोर्टल ,वीडियो चैनल के बारे में गाइड लाइन बनाने को भी सरकार से कहेगा?

अशोक मधुप

19 अप्रैल 1910 -तीन महान क्राँतिकारियों अनंत लक्ष्मण कान्हेरे, विनायक नारायण देशपाँडे और कृष्ण गोपाल कर्वे का बलिदान

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में अनंत वीरों का बलिदान हुआ है । कुछ के तो नाम तक नहीं मिलते और जिनके नाम मिलते हैं उनका विवरण नहीं मिलता । नासिक में ऐसे ही क्राँतिकारियों का एक समूह था जिनमें तीन को फाँसी और दो को आजीवन कारावास का वर्णन मिलता है । अन्य किसी का नहीं। इसी समूह में तीन बलिदानी अनंत लक्ष्मण कान्हेरे, कृष्ण गोपाल कर्वे और विनायक नारायण देशपाँडे थे जिन्हें 19 अप्रैल 1910 में फाँसी दी गई। इनमें विनायक नारायण देशपांडे और कृष्ण गोपाल कर्वे का विवरण न के बराबर मिलता है ।उन दिनों नासिक में एक कलेक्टर जैक्सन आया । वह संस्कृत और भारतीय ग्रंथों का कथित जानकार था । वह चर्च से जुड़ा था । उसने प्रचारित किया कि वह पूर्व जन्म में संत था । उसका लक्ष्य भारतीय जनजातियों और अनुसूचित समाज पर था । वह ग्रंथों पर आधारित कथाओं के उदाहरण देता और उन्हे प्रभावित करने का प्रयत्न करता । उसके लिये अधिकारियों की एक टीम उस का प्रचार का कार्य कर रही थी । इससे क्षेत्र में सामाजिक दूरियाँ बढ़ने लगीं और धर्मान्तरण होने लगा । मतान्तरण रोकने और समाज में स्वत्व जागरण के लिये गणेश सावरकर जी ने युवकों का एक समूह तैयार किया । इसमें अनंत कान्हेरे, श्रीकृष्ण कर्वे और विनायक देशपांडे जैसे अनेक ओजस्वी युवक थे । जो सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण में लग गये । गणेश सावरकर और इस टोली के काम से कलेक्टर सतर्क हुआ । तभी गणेश सावरकर जी ने कवि गोविंद की राष्ट्रभाव वाली रचनाएँ संकलित कीं और सोलह रचनाओं का का संकलन प्रकाशित कर दिया । कलेक्टर को यह पुस्तक बहाना लगी और राष्ट्रद्रोह के आरोप में सावरकर जी बंदी बना लिये गये । यही नहीं पुलिस ने पुस्तक की तलाश का बहाना बनाकर उन सभी घरों पर दबिश दी जो उसके मतान्तरण षड्यंत्र से समाज को जाग्रत करने में लगे । तब युवकों की इस टोली ने नासिक को इस कलेक्टर से मुक्त करने की योजना बनाई। अनेक सार्वजनिक और प्रवचन के आयोजनों में प्रयास किया पर अवसर हाथ न लगा ।

षड्यंत्रकारी नासिक कलेक्टर को गोली मारी थी

अंततः अवसर मिला 21 दिसम्बर 1909 को । कलेक्टर की शान में एक मराठी नाटक का मंचन किया जा रहा था ।कलेक्टर के कार्यों से ब्रिटिश सरकार और चर्च प्रसन्न था । कलेक्टर जैक्सन को पदोन्नत कर आयुक्त बनाकर मुम्बई पदस्थ करने के आदेश हो गये । विजयानंद थियेटर में नाटक का यह मंचन उसी उपलक्ष्य में था । यही अंतिम अवसर है यह सोचकर कृष्णाजी कर्वे, विनायक देशपांडे और अनंत कान्हेरे थियेटर में पहुँचे। योजना बनी कि गोली अनंत कान्हेरे चलायेंगे और शेष दोनों कवर करेंगे । उनके पास भी रिवाल्वर थे । तीनों अपने साथ विष की पुड़िया भी लेकर गये थे । योजना थी कि यदि पिस्तौल में गोली न बची तो विषपान कर लेंगे ताकि पुलिस जीवित न पकड़ सके । नाटक का मंचन पूरा हुआ लोग बधाई देने कलेक्टर के आसपास जमा हुये । अवसर का लाभ उठाकर ये तीनों क्रान्तिकारी भी समीप पहुँचे। श्रीकृष्ण कर्वे और देशपांडे ने जैक्सन को उठाकर नोचे पटका और उसके सीने पर पैर रखकर अनंत ने चार गोलियां उसके सीने में उतार दीं। जैक्सन तुरंत मार गया। वहाँ उपस्थित दो अधिकारियों पलशिकर और मारुतराव ने अनंत पर अपने डंडों से हमला किया। आसपास के अन्य लोग भी टूट पड़े। इससे तीनों को न तो स्वयं पर गोली चलाने का अवसर मिला और न विषपान करने का । तीनों वहाँ उपस्थित कलेक्टर समर्थक अधिकारियों के हमले से बुरी तरह घायल हो गये । उन्हे बंदी बना लिया गया । इस घटना की गूँज लंदन तक हुई । तीनों क्रान्ति कारियो की आयु अठारह से बीस वर्ष थी ।

इनमें अनंत कान्हेरे का जन्म 7 जनवरी 1892 को रत्नागिरी जिले के खेत तालुका के एक छोटे से गांव अयानी में हुआ था। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा निजमाबाद में और उनकी अंग्रेजी शिक्षा औरंगाबाद में हुई। 1908 में कान्हेरे औरंगाबाद लौट आए जहां उन्हें गंगाराम नामक एक मित्र ने क्राँतिकारी आँदोलन से जोड़ा था । दूसरे क्राँतिकारी कृष्णजी गोपाल कर्वे का 1887 में हुआ था । उन्होने बीए ऑनर्स क पूरा किया था मुंबई विश्वविद्यालय में एलएलबी में प्रवेश ले लिया था। वे नासिक में अभिनव भारत से जुड़े थे । जैक्सन की हत्या की योजना बनी तो इसमें शामिल हो गये । तीसरे क्राँतिकारी का परिचय बहुत ढूँढने पर भी न मिला पर फाँसी की सूची में उनका नाम है

बॉम्बे कोर्ट में मुकदमा चला 29 मार्च 1910 को इन तीनों क्राँतिकारियों को हत्या का दोषी पाकर फाँसी की सजा सुनाई गई और 19 अप्रैल 1910 को ठाणे जेल में तीनों को फाँसी दे दी गई। अधिकारियों ने तीनों के शव परिवार को भी नहीं सौंपे। जेल में ही जला दिया और अवशेष समन्दर में फेंक दिये । जैक्सन हत्याकांड में दो अन्य क्रान्तिकारियो को आजीवन कारावास मिला । जिनकी जेल की प्रताड़नाओं से बलिदान हुआ। शत शत नमन इन क्राँतिकारियों को ।

-रमेश शर्मा

आपका राशिफल 19 अप्रैल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 6139

बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, धरा पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिद की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोयना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर कहे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नशिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलते हैं' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनीष, उर्मिला की फिल्म-२
१२. खुबीर यादव, कृपालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या न करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फातमा रोख, नसीरुद्दीनशाह, दीप्ति नवल की मई फ्लावरे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'घर में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'मुझे गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम मल्होत्रा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'स्कूलबार' में नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,१,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं तेरा तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम हो तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ट्रेमोमिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'मखी मुखी रेठी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रंकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओस्सो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, मुनीत, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6138

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6652

✱✱✱✱☆ कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6651 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

हर मौसम में लुभाएं कश्मीरी-इंदौरी पूरियां

पूरी ऐसा स्वादिष्ट पकवान है जिसके मूल रूप के लिए तो बतौर सामग्री आटा-मैदा ,तेल-घी व नमक ही काफी हैं लेकिन विविधता के चलते जगह-जगह यह व्यंजन अपना जायका बदलता है। ऐसे में तकरीबन हर क्षेत्र में पूरी के अपने अलग-अलग मेटीरियल और स्टफिंग विधियां हैं। जानिये कुछ प्रदेशों की प्रसिद्ध पूरी रेसिपी।

यूपी की खसखस की पूरी

सामग्री कवरिंग हेतु :-
एक कप मेदा, 2 टेबल स्पून पिघला हुआ घी, 1/4 टी स्पून कलौंजी, नमक स्वाद के अनुसार और तलने के लिए कुछ तेल।

विधि स्टफिंग के लिए :-
दो टेबलस्पून खसखस बीस मिनट तक पानी में भिगो कर रखें, अब नॉन स्टिक पैन में 1 टीस्पून जीरा, दो कश्मीरी लाल मिर्च मेश की हुई, इलायची और लौंग डालकर भूनें, लगभग एक मिनट बाद उतार लें। इसमें खसखस भी डालकर पेस्ट बनाएं। अब नॉन स्टिक पैन में घी गर्म करके हींग, कलौंजी, और पिसा हुआ अदरक डालकर भूनें। इसे अब आंच से उतार लें, नमक एवं पिसा हुआ पाउडर मसाला मिलाएं। पानी मिलाकर थोड़ी-थोड़ी करके भूरी होने तक तल लें।

कवरिंग हेतु :-
तलने के लिए तेल को छोड़कर सभी सामग्री को मिक्स करें। आवश्यकतानुसार पानी मिलाकर गूंध लें। अब लोई लेकर थोड़ी सी स्टफिंग करके पूरी बेल लें। कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें पूरी को सुनहरा होने तक तलें। अचार या गर्मागर्म चाय के साथ सर्व करें।

कश्मीरी मटर पूरी गर्मागर्म

सामग्री कवरिंग हेतु :-
एक कप मैदा, आधा कप गेहूं का आटा, आधा टीस्पून शक्कर और ड्राई यीस्ट, आधा टेबल स्पून तेल, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए तेल।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

क्लासीफाइड

बेचना है
बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल,

हर जिले में दो-दो वकील तैनात

भाजपा को कार्यकर्ताओं पर प्रताड़ना का जवाब देने कांग्रेस ने बनाई रणनीति

■ भोपाल, यशभारत।

राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रशासनिक अत्याचार निवारण समिति की बैठक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के निराकरण के लिए बैठक में चर्चा हुई। बैठक के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने के केस कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। सभी केस फ्री में लड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि तहसील कोर्ट से लेकर हाई कोर्ट तक तक पार्टी लड़ाई लड़ेंगी। इसके लिए हर जिले में दो-दो वकील की नियुक्ति की गई है। उनके नंबर सार्वजनिक किए जाएंगे। इसकी मॉनीटरिंग पूर्व एडवोकेट जनरल शंशाक शेखर करेंगे। यदि प्रदेश में कही भी कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ कोई झूठा मामला बनाया जाता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा, जो 24 घंटे काम करेगा।

अधिकारियों को भी कोर्ट में खड़ा करेंगे

पूर्व सीएम ने कहा कि सागर जिले का दौरा करके आया हूं। वहां पर छोटे-छोटे केस में कार्यकर्ताओं को सताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई केस नहीं होता है तब भी 151 की कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 9 कांग्रेसियों पर जबरन के केस लादे गए है। कांग्रेस के लोगों पर जिला बदर के केस लगाए गए हैं। दिग्गी ने कहा कि अधिकारी ऊपर से दबाव होने की बात कहते हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि गैर कानूनी ढंग से कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को कांग्रेस कोर्ट में खड़ा करेगी। झूठे केस के प्रमाण के लिए पार्टी काम कर रही है। आरटीआई एक्टिविस्ट को भी तैयार किया जा रहा है।

परिवर्तन संकल्प अभियान शुरू होगा

पूर्व सीएम ने कहा कि परिवर्तन संकल्प अभियान शुरू होने जा रहा है। दतिया, सुरखी, बदनावर में कमलनाथ की सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के सभी 40 प्रकोष्ठों को निचले स्तर पर ले जाने का काम जारी है। दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने वोस्टर लिस्ट में फर्जीवाड़ा किया है। सागर के एक बूथ पर 150 नाम उत्तर प्रदेश के वोटर के जोड़े गए थे। इस पर भी पार्टी काम कर रही है।

दुकान का ताला तोड़ जब्त की पांच क्विंटल अमानक पालीथिन, 10 हजार रुपये जुर्माना वसूला

भोपाल यशभारत। राजधानी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का सर्वे करने के लिए केंद्रीय निरीक्षण दल कभी भी भोपाल आ सकता है। ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल का इस्तेमाल, खरीदी और विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर निगम के साथ अन्य विभागों का अमला भी सक्रिय हो गया है। इसी सिलसिले में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए घाटखेड़ी में स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर पांच क्विंटल अमानक पालीथिन और थर्माकोल से बने बर्तनों को जब्त किया है। इसके साथ ही दुकान संचालक से दस हजार रुपये का स्पाट फाइन भी वसूला गया। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि मालीखेड़ी के पास एक दुकान में प्लास्टिक व थर्माकोल की प्लेट, चम्मच और दोने समेत अन्य बर्तनों का भंडारण किया गया है। गणपति दोना पत्तल नाम की इस दुकान के संचालक राजेश कुमार सेन हैं। इसके बाद एक सयुंक्त टीम बनाकर भेजी गई। जब मौके पर अधिकारी पहुंचे तो पता चला कि राजेश अपनी दुकान में ताला लगाकर किसी पार्टी में गया हुआ है। ऐसे में तीन घंटे तक अधिकारी और कर्मचारी दुकानदार के लौटने का इंतजार करते रहे। लेकिन जब वह वापस नहीं आया तो नायब तहसीलदार सोनिया परिहार ने कर्मचारियों को ताला तोड़ने के निर्देश दिए।

हेरिटेज वाक कर देसी-विदेशी मेहमानों ने किए भोपाल की प्राचीन धरोहरों के दीदार

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित यूनेस्को सब-रीजनल कांफ्रेंस का आज अंतिम दिन है। आज विश्व धरोहर दिवस भी है। इस अवसर पर मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा यूनेस?को सब-रीजनल कांफ्रेंस के डेलिगेट्स के लिए सुबह च्हैरिटेज वाकज्का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे कमला पार्क से शुरू हुई यह हेडिटेज वाक राजभोज सेतु, गौहर महल, इंडियन टी हाउस से होते हुए इकबाल मैदान और सदर मंजिल पहुंचकर संपन्न हुई। अजय चौहान और सिकंदर ने इसे गाइड किया। इस दौरान देशी-विदेशी मेहमानों ने भोपाल शहर की प्राचीन धरोहरों को देखा और सराहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि भोपाल प्राकृतिक रूप से बहुत सुंदर और समृद्ध है। यहां धरोहरों का खजाना है। बता दें कि सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण, विकास और भविष्य की चुनौतियों पर मंथन करने के लिए यूनेस्को के दो दिवसीय उप-क्षेत्रीय सम्मेलन (सब-रीजनल कान्फ्रेंस) की शुरुआत सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुई है। सुरेश सुरस श्रेष्ठ, संयुक्त सचिव नेपाल ने बताया कि भोपाल आकर बहुत अच्छा लगा, खासतौर से सांची स्तूप देखना अलौकिक था। हमारे यहां भी दो बुद्धिस्ट साइट्स हैं। पिछले दिनों आए भूकंप में 33 वर्ल्ड हेरिटेज साइट पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिन्हें संवारने का कार्य चल रहा है। हेरिटेज रन में शामिल होकर भोपाल की खूबसूरती को भी देखा। इस सम्मेलन में श्रीलंका के बुद्धासना, धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय के सचिव सोमर्थने विदानापथिराना, भूटान के संस्कृति और जोंगखा विकास विभाग के कार्यकारी वास्तुकार कर्मा तेंजिन, नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुरेश सुरस श्रेष्ठ, मालदीव के कला, संस्कृति और विरासत मंत्रालय की परियोजना प्रबंधक ऐशता मुनीजा, बांग्लादेश के सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुब्रत भौमिक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक जाह्नीज शर्मा, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक अनीश पी. राजन उपस्थित रहे।

आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

पुलिस ने छह आरोपितों को दबोचा

■ भोपाल, यशभारत।

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के मैचों पर लोगों से लाखों रूपये के दांव लगवा रहे छह सटोरियों को क्राइम ब्रांच ने सोमवार रात कोलार के ललिता नगर से धर दबोचा है। आरोपितों के पास से 30 हजार रुपये की राशि जब्त की गई है। ये आरोपित ग्वालियर के डबरा से भोपाल आकर लोगों से वाट्सएप पर संपर्क कर उनसे दांव लगवा रहे थे। पूरा काम आनलाइन हो रहा था। क्राइम ब्रांच ने दावा किया है कि यह गिरोह पहली बार पकड़ा गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। आरोपितों के पास एक आइडी मिली है, उसी के जरिए यह काम चल रहा था।क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी अनूप उईके ने बताया कि ग्वालियर के डबरा तहसील में रहने वाले मोहम्मद शाहनबाज, हरिओम गुप्ता, सलमान, छोटा खान, नरेश गोस्वामी और अमन बेग भोपाल आकर इंडियन प्रीमियर लीग पर आनलाइल सटटेबाजी कर रहे थे। उन्होंने कोलार के ललिता नगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। करीब 15 दिन से ये लोग कोलार के ललिता नगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे और कार में सट्टा बुक करते थे। सोमवार रात में क्राइम ब्रांच को इसकी सूचना मिली, जिसकी तस्दीक करने के बाद पुलिस की दो टीमों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने घेराबंदी कर आरोपितों को दबोच लिया। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।



गांधीनगर में निर्वस्त्र अवस्था में मिली युवती

■ भोपाल, यशभारत।

गांधीनगर इलाके में सोमवार देर रात एक युवती के निर्वस्त्र हालत में मिलने के बाद पुलिस चक्करघिन्नी हो गई। पुलिस ने आनन-फानन में युवती को महिला आरक्षक की मदद से सबसे पहले उसे कपड़े पहनाए और हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल परीक्षण में युवती के साथ किसी तरह की अनहोनी होने की पुष्टि नहीं हुई। इससे पुलिस ने भी राहत की सांस ली। उसके बाद युवती के स्वजनों की तलाश की गई तो वह गांधीनगर के अब्बास नगर की रहने वाली निकली। युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। स?वजन को बुलाकर युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। गांधीनगर थाना प्रभारी ने घटनाक्रम से विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा दिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि इलाके में माधवराव सिंधिया चौराहे के पास सोमवार रात एक विक्षिप्त युवती के नग्न अवस्था में घूमने की सूचना मिली थी।

रिटायर्ड ज्वाइंट डायरेक्टर ने डॉक्टर बहू को पीटा

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के अवधपुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने ससुर-सास के खिलाफ मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का मामला दर्ज कराया है। वहीं, ससुर ने भी बहू के खिलाफ मारपीट का काउंटर केस दर्ज कराया है। अवधपुरी पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। महिला डॉक्टर का आरोप है कि उसके सास-ससुर उसे 14 साल से प्रताड़ित कर रहे हैं। पति से विवाद के कारण वह उनके साथ रहने आई तो मारपीट करने लगे। दीपा होम्स अवधपुरी में रहने वाली 39 वर्षीय डॉक्टर मीनाक्षी पटेल ने पुलिस को बताया कि उनके पति प्रदीप सिंह सोनभद्र स्थित अल्ट्राटेक कंपनी में सहायक प्रबंधक हैं। वे वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र दीपड़ी में पदस्थ हैं। उनकी शादी करीब 15 वर्ष पहले हुई है। ससुर सत्यथान सिंह खनिज विभाग में संयुक्त संचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। एक दिन पहले मामूली बात पर ससुर सत्यभान सिंह ने उनके साथ मारपीट की और जब वे घटना का वीडियो बनाने लगीं तो उन्होंने मेरा मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायत करने के बाद अवधपुरी पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया हैपीड़िता के अनुसार चार वर्ष पहले तक वह पति के साथ रहती थी। सास-ससुर उसे परेशान करते थे, इसलिए पति के साथ रहती थी। पति के रवैये से परेशान होकर वह भोपाल में सास-ससुर के साथ रहने आ गई। महिला का आरोप है कि पति से खटपट के चलते उसके सास-ससुर उससे नाराज रहते हैं और छोटी-छोटी बात पर उसे प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। महिला डॉक्टर का आरोप है कि बच्चों को तैयार करने को लेकर ससुर ने ताना माना, मैंने विरोध किया तो गाली देने लगे। इसक बाद हाथापाई करने के लिए उसकी तरफ आगे बढ़े तो उसने वीडियो बनाने के लिए मोबाइल निकाला।

पति से विवाद के बाद सास-ससुर के साथ रह रही थी महिला

बेंगलुरु के लिए सायंकालीन उड़ान शुरू होगी

■ भोपाल, ईएमएस।

राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट से 24 घंटे उड़ान संचालन के आदेश इसी माह जारी हो सकते हैं। एयरपोर्ट अथारिटी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ के जवानों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार 24 घंटे उड़ान संचालन के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। स्टाफ एलोकेशन का काम भी पूरा हो गया है। सुरक्षा बल के जवानों की संख्या बढ़ने के बाद अथारिटी के मुख्यालय से औपचारिक आदेश जारी होगा। आदेश मिलते ही भोपाल से रात्रि 10 के बाद भी उड़ानों का संचालन हो सकेगा। वर्तमान में एयरपोर्ट सुबह छह बजे खुलता है और रात्रि 10 के बजे के बाद किसी भी उड़ान को स्लाट नहीं दिया जाता।

सिटी बस ने मारी बुजुर्ग स्कूटर सवार को टक्कर, मौत

■ भोपाल, ईएमएस।

कोहेफिजा क्षेत्र में हलालपुर और बैरागढ़ के बीच तेज रफ्तार सिटी बस ने एक स्कूटर सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसा सोमवार शाम करीब सवा छह बजे ईसाई कब्रिस्तान के पास घटित हुआ। इस हादसे में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई थीं। घायल बुजुर्ग को राहगीरों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है।कोहेफिजा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र हसवानी (74) न्यू बैरागढ़ क्षेत्र में रहते थे। सोमवार शाम वह ईसाई कब्रस्तान के पास कट पाइंट पर स्कूटर टर्न कर रहे थे, तभी बीआरटीएस लेन से गुजर रही तेज रफ्तार सिटी बस ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से बुजुर्ग रामचंद्र को सिर समेत शरीर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, परवलिया के तारासेवनिया गांव निवासी नाबालिग छात्रा ने रविवार शाम को घर में फांसी लगा ली। वह कक्षा 11वीं की छात्रा थी। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकेगा। परवलिया पुलिस के मुताबिक मुस्कान लोवंशी (17) तारासेवनिया स्थित एक फार्म हाउस में परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता इसी फार्म की देखरेख करते हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम मई के अंत में आने की संभावना

■ भोपाल, यशभारत।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। 19 लाख विद्यार्थियों की एक करोड़ 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से शुरू हुआ है।15 मार्च तक हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू हुआ था।आठ अप्रैल से दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया गया है।मूल्यांकन कार्य अब तेजी से जारी है।मूल्यांकन के पहले मंडल की कमेटी द्वारा हो चुके प्रश्न-पत्रों की जांच की।इसमें कई प्रश्नों में गलती निकली है।इसे लेकर मंडल ने कई विषयों में विद्यार्थियों को बोनस के अंक दिए है।10वीं के दो और 12वीं के चार प्रश्नपत्रों में बोनस अंक दिए गए हैं।बता दें, कि प्रदेश के 19 लाख विद्यार्थियों के एक करोड़ 30 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का का मूल्यांकन जारी है।

10वीं के सामाजिक विज्ञान में चार अंक, हिंदी में दो अंक दिए जाएंगे। वहीं बारहवीं के संस्कृत में चार अंक, हिंदी में एक अंक दिया जाएगा। इसी तरह भौतिकी में चार अंक व गणित में चार अंक मिलेंगे।

आठ मई तक पूरा होगा मूल्यांकन

मंडल की 12वीं की परीक्षा पांच अप्रैल को समाप्त हुई है।अभी तक मूल्यांकन कार्य धीमी गति से चल रहा था। मूल्यांकन का दूसरा चरण जारी है।इसके बाद मूल्यांकन की गति में तेजी आएगी।मूल्यांकन कार्य आठ मई तक पूरा कर लिया जाएगा।इसके बाद 10वीं व 12वीं का परिणाम बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। करीब पांच दिन रिजल्ट बनाने में लगेंगे।मई के अंतिम सप्ताह तक परिणाम घोषित होने की संभावना है।

बीआरटीएस मार्ग पर नहीं हो रहा सिग्नल का पालन

मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

■ भोपाल, यशभारत।

संत हिरदाराम नगर के सीहोर नाके से लालघाटी तक बीआरटीएस मार्ग पर लगे कुछ ट्रेफिक सिग्नल खराब हैं। जो सिग्नल काम करते भी हैं, उनका पालन कोई नहीं करता। लो-फ्लोर बस चालक इसकी अनदेखी करते हैं। नतीजतन, आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इस संबंध में यातायात पुलिस से सवाल किया है कि सिग्नल की अनदेखी क्यों हो रही है।बैरागढ़ के सीहोर नाका क्षेत्र से हलालपुर, लालघाटी तक क्रासिंग प्वाइंट पर सिग्नल लगे हैं। बीआरटीएस मार्ग निर्माण के समय इनका पालन सख्ती से किया जाता था। बाद में इनकी देखरेख ही बंद कर दी गई। हाल ही में स्मार्ट सिटी शाखा ने सिग्नल सुधार कार्य किया है, लेकिन इनका पालन लो-फ्लोर बस चालक ही नहीं कर रहे हैं। इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। हलालपुर स्थित ईसाई कब्रिस्तान के पास का कट प्वाइंट सबसे अधिक खतरनाक हो गया है। यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कट प्वाइंट पर आरेंज सिग्नल लगाए गए हैं, यानी यहां आकर बसों को स्पीड कम करनी है, पर बस चालक ऐसा नहीं करते। संत कंवरराम चौराहा एवं बस स्टेंड चौराहे पर भी ट्रेफिक सिग्नल लगे हैं, लेकिन इनका पालन कोई नहीं करता। सिग्नल अक्सर खराब रहते हैं। कई बार चालू होते भी हैं तो सरकारी वाहन ही इसका पालन नहीं करते। चंचल चौराहा की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई है।

उज्जैन और रतलाम विकास प्रधिकरण के अध्यक्षों को दिया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश सरकार ने राजनीतिक नियुक्तियों के क्रम में सोमवार को उज्जैन और रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। उज्जैन में श्याम बंसल को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक पोरवाल होंगे। प्रदेश सरकार ने उज्जैन और रतलाम विकास प्राधिकरणों के अध्यक्ष की नियुक्ति करने के बाद दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को इसके आदेश जारी कर दिए। दोनों का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक रहेगा। श्याम बंसल पहले भाजपा के उज्जैन ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष रहे हैं। पिछले लंबे समय से वे उपेक्षा के शिकार रहे हैं। पार्टी नेताओं के संज्ञान में आने के बाद बंसल का पुनर्वास किया गया। गौरतलब है कि रतलाम महापौर के चुनाव के दौरान अशोक पोरवाल टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने स्थानीय विधायक के दबाव में पोरवाल को टिकट नहीं दिया था।

50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त करने की मांग उठी

कांग्रेस ने उठाई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने की मांग

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने के साथ 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना भी कराई थी। इसके आंकड़े अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

देश में 56 प्रतिशत से अधिक आबादी पिछड़ा वर्ग की है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है। अरूण यादव ने भोपाल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता से जुड़े इस मुद्दे को उठाया है। प्रधानमंत्री पिछड़ों की बात तो करते हैं पर वास्तव में किया कुछ भी नहीं है। कांग्रेस के समय जो जातिगत जनगणना कराई गई थी, उसके आंकड़े सार्वजनिक करने पर रोक लगाकर रखी है। अब तक जारी नहीं किए हैं। आखिर इसमें समस्या क्या है। इसे क्यों छुपाया जा रहा है। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त क्यों नहीं किया जा रहा है। देश में पिछड़ों की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है, इनके लिए सरकार को एजेंड़ा क्या है, वह तो बताया जाए।

वहीं, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि देश में किस वर्ग की कितनी आबादी है, यह जानना हमारा अधिकार है। कांग्रेस ने 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग को दिया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिला। मध्य प्रदेश में इस वर्ग से तीन-तीन मुख्यमंत्री बने लेकिन केवल पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने का काम किया।27 प्रतिशत आरक्षण का मामला कोर्ट-कचहरी में ही उलझा हुआ है। इसके कारण प्रतियोगी परीक्षाएं अटकी हुई हैं।बेरोजगार परेशान हो रहे हैं। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भी आरक्षण को अटकाने का काम भाजपा ने किया और आरोप कांग्रेस पर लगाया जाता है। पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत हो या फिर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था।

एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले, सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

भोपाल, यशभारत। गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि शांति के टापू मध्य प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। खंडवा में अशफाक पर रासुका की कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मध्य प्रदेश में दिवास्वप्न देख रहे हैं।विधायकों की बगावत के चलते ही प्रदेश में पहले कांग्रेस की सरकार चली गई और आज भी वहां भगदड़ के हालात हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस च्वचन पत्रज्नहीं च्वोट वचनज बना रही है।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद नहीं बनी नाली

दो सौ मीटर नाली बनाने में पंचायत को छूट रहा पसीना

गोसलपुर, यशभारत। जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया कटरा के पोषित ग्राम सिमरिया गांव में ग्राम पंचायत कीलापरवाही के चलते महिला किसान को हर साल लाखों रुपए का नुकसान उठाने मजबूर होना पड रहा है स्मरण रहे की पूरे गांव का मल मूत्र गंदा पानी नाली के माध्यम से गांव के बाहर स्थित खेत में आता है गंदे जलमल की निकासी हेतुग्राम पंचायत द्वारा उचित प्रबंधन न करने व दो सौ मीटर लंबी नाली निर्माण न कराए जाने के कारण हालात यह हो गए है की कई वर्षों से पूरे गाँव का गंदा मल मूत्र गंदा पानी महिला किसान कृष्णा देवी पालीवाल के खेत में भर जाता है

खास बातें
- ग्राम पंचायत की लापरवाही का दंश झेल रही महिला किसान
- गांव का गंदा पानी भर रहा खेत में
- एक लाख रुपये का हो रहा हर साल नुकसान
- जिम्मेदार बने बेखबर

जिससे उन्हें लगभग एक एकड़ के खेत में कई वर्षों से खेती करने नहीं मिल रही है जिस कारण किसान को लगभग साल भर में लाखों रुपए का नुकसान उठानापड़ रहा है इस संबंध में पीड़ित किसान ने सीएम हेल्पलाइन मे अनेकों बार शिकायत की वहीं वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत भी की परंतु समस्या आज भी विद्यमान है स्मरण रहे की नाली निर्माण के संबंध में ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में अनेकों बार संकल्प पारित हो चुका हैवही ग्राम पंचायत द्वारा डीपीआरमें उक्त नाली निर्माण को शामिल कर लिया गया है परंतु स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा यह कह दिया जाता है की हमारे पास फंड न होने के कारण नाली निर्माण नहीं करा सकते जहां एक ओर गांवो के समग्र विकास की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं वहीं देश का अन्नदाता कहे जाने वाले क्षेत्र के अनेक किसान जिम्मेदारों के द्वारा जलमल की निकासी की व्यवस्था न कराने के कारण परेशानियों से गुजर रहे है ज्ञात हो कीग्राम पंचायत द्वारा जहां एक ओर अनेक प्रकार के विकास कार्य निर्माण कार्य कराए जा रहे है वही जनता से जुड़ी बहुप्रतीक्षित लंबे अरसे से की जा रही इस मांग को नजर अंदाज किए जाने से गांव में खासा आक्रोश व्याप्त है वही अब पीड़ित किसान मामले की शिकायत जनसुनवाई में जिले के कलेक्टर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से करने का मन बना रहे है

श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ शोभायात्रा से

पुलिस थाने के पास वार्ड 11 में आयोजन

सिहोरा, यशभारत।- राधे राधे महिला सत्संग मंडल द्वारा संत प्रवर सियावल्लभ दास वेदांती जी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में पुलिस थाने के पास वार्ड नम्बर 11 में 25 अप्रैल तक आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की आज मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो कथा स्थल से प्रारम्भ होकर शिवमंदिर बाबाताल,हरदौल मंदिर, मैना कुआं,सरावगी मोहल्ला,झंडा बाजार,गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर निकली।शोभायात्रा के सबसे आगे धर्म ध्वजा लेकर युवा एंव बच्चे चल रहे थे उसके पीछे महिला सतसंग मंडल सहित अन्य महिलाएं पीले वस्त्र एंव सर पर कलश धारण कर चल रही थी तथा उसके पीछे रथ पर कथा का रसपान कराने वाले श्री वेदांती जी महाराज एंव राधाकृष्ण की झाकी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थी।कथा को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला सभी महिलाएं,नांचते हुए चल रही थी शोभायात्रा में जगह जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।। सतं जी ने प्रथम दिवस कथा महात्म,शुकदेव आगमन की मिमांसा की।इस अवसर पर बडी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

सीनियर उत्कृष्ट आदिवासी बालक छात्रावास के स्टोर रूम लगी भीषण आग

निवास, यशभारत। जिले में लगातार घटनाएं सामने आ रही है वही निवास थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास नगर परिषद कार्यालय व कन्या स्कूल के पास बने सीनियर उत्कृष्ट आदिवासी बालक छात्रावास मैं अचानक स्टोर रूम में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई बताया गया कि जैसे आग का धुआं नगर परिषद की कर्मियों को दिखाई दिया तो तत्काल दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचा है और स्टोर रूम का ताला तोड़कर आग को बुझाने का प्रयास कर रहा है वही घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है नगर परिषद का पूरा अमला आग पर काबू पाने में लगा हुआ है वही बता दे की घटना के समय चौकीदार बीईओ कार्यालय कुछ काम से गया हुआ था छात्रावास पर कोई भी नहीं था फिलहाल अभी कितने का नुकसान हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है ।

आवास हितलाभ का हुआ वितरण

पाटन, यशभारत। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर परिषद द्वारा जिन हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ मिला है उन्हें क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई के द्वारा हितलाभ के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया नगर में इस योजना के तहत 337 हितग्राहियों 1 लाख की पहली किस्त तो 127 हितग्राहियों को 50 हज़ार की दूसरी क़िस्त प्रदान की गई इस मौके पर विधायक अजय विश्नोई ने कहा सरकार ने जब यह योजना लागू की तो सबसे बड़ी परेशानी थी कि लोगो के जमीन के पट्टे नही थे इस कारण उन्हें आवास नही मिल पा रहे मेरे प्रयासों से योजना की इस विडंबना को खत्म किया गया इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष जगेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष शक्ति देवकुमार यादव सीएमओ नीलम चौहान के साथ समस्त पार्षद और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आत्म ध्यान का श्रम करते है श्रमण- मुनि श्री प्रणम्यसागर

शहपुरा भिटौनी, यशभारत। नैमैतिक के बाद अब आप पुनः नित्य आयोजन की श्रृंकला मैं वापस आ गये है । ब्रह्मचर्य ग्रहआश्रम आदि के बाद व्यक्ति आश्रम की और उन्मुख होता है भव्य प्राणी । जिनके पास आराम करने के लिए और कुछ नहीं होता मात्र देह होती है वह होते है यति मुनि उनकी देह मात्र ही उनकी संम्पति या परिग्रह है । संतोष की वस्तु है और उस देह मैं भी अधिक आराम नहीं करते वरण तप आदि के द्वारा भी उस देह को तपाते रहते है । उस देह के माध्यम से जीवन को चलाते है तथा आत्मा को संतुष्ट रखते है । इस तरह की मनोवृत्ति वाले होते है यति । इस देह मैं रहकर ही वे आत्मा का कल्याण करते है । सम्यक्ज्ञान और अर्हध्यान से मनः स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है । उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । समस्त कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील जैन पंचायत सभा शहपुरा ने की है ।

नव प्रवेशित का तिलक वंदन कर स्वागत

सिहोरा, यशभारत। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में 17 अप्रेल को खितौला नगर की शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में शाला प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, शाला स्टॉप,शाला प्रबंधन समिति, अभिभावकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव सरस्वती पूजन मां सरस्वती वंदना के मनाया गया। सबसे पहले शाला प्रधानाध्यापक तिवारी,योगेन्द्र मिश्रा,तहमीना अंसारी ने बसाहट वार्ड 14 के कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि वर्तमान शिक्षण सत्र का शुभारंभ हो गया है। सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आकर पढ़ाई में ध्यान लगाना है।उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से निवेदन किया कि वार्ड के 6 वर्ष आयु के बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाएं व शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। इसके लिए शाला के सभी शिक्षक वार्ड में भी भ्रमण कर रहे हैं। इस अवसर पर एस एम सी अध्यक्ष मनोज कोल,माया बाई पटेल,मुन्नीबाई, प्रिंसी श्रीवास, अनुराधा ठाकुर सहित नवप्रवेशी बच्चों के माता, पिता,अभिभावक उपस्थित रहे।

वार्ड में भ्रमण कर नवप्रवेशी बच्चों को शाला में प्रवेश दिला रहे

चंद महीने पूर्व बनी प्रधानमंत्री सड़क अब उखड़ने लगी

नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र। चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंग ई बिल्थारी प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य के चलते गुणवत्ता को ताक पर रखकर हो रहे निर्माण कार्य के कारण स्थानीय नागरिकों ने इसका जमकर विरोध किया था, समाचार पत्रों में भी यह विषय उठाया गया था। कलेक्टर ने भी मौके पर पहुंचकर इस सड़क मार्ग की वस्तु स्थिति देखकर खासी नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री सड़क के जीएम को भी फटकार लगाई गई थी लेकिन सड़क निर्माण आनन फानन हो ही गया। अब स्थिति यह बनी हुई है कि ना तो इस सड़क के साइड सोल्डर बनाये गये हैं और ना ही गुणवत्ता का ध्यान रखा गया है। जहां तहां से सड़क उधड़ने लगी है। ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से इस सड़क की उच्च स्तरीय जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराये जाने की मांग की गई है।

महिला समरस पंचायत मेहरागांव में विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

गाडरवारा (यशभारत) विगत दिवस साईखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मेहरागांव में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम की मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सुनीता पटेल एवं उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम मेहरागांव के दादा दरबार मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर 6 लाख की विधायक निधि से किए गए यात्री प्रतिक्षालय, मिडिल स्कूल बाउंड्री वॉल, चबूतरा निर्माण एवं विद्युत ट्रांसफार्मर का लोकार्पण करते हुए विधायक ने कहा की मेरा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है शहर सहित ग्रामीण अंचलों में विधायक निधि से विकास कार्य कराए जा रहे हैं द्य प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को गति दी जा

रही है मेहरागांव ग्राम पंचायत महिला समरस पंचायत है जो महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है द्य मेहरागांव ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए 10 लाख की विधायक निधि एवं एक पानी टैंकर देने की घोषणा की गई द्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन साईखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने भी संबोधित करते हुए कहा की क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए जा रहे हैं द्य इस अवसर पर ग्राम पंचायत मेहरागांव की सरपंच माया विश्वकर्मा उपसरपंच रामेती बाई सहित सभी पंचों का सम्मान पत्र देकर सम्मान किया एवं साड़ियां भेंट की । कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल दीक्षित ने किया । इस अवसर पर सुरेंद्र पटेल मंझले भैया, तखत सिंह, बालमुकुंद राजपूत, जय हिंद राजपूत, ओमप्रकाश राजपूत, बालमुकुंद (मुनीम चाचा), राजीव दुबे, भानू दीक्षित, लखन पटेल, ओंकार पटेल सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलश यात्रा से प्रारंभ हुई सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

नरसिंहपुर यभाप्र। चमत्कारी सिद्ध हनुमान मंदिर इतवारा बाजार परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन कथा व्यास शास्त्री पंडित विवेक महाराज जी के मुखारविंद से आयोजित की गई है। बीते 18 अप्रैल से कथा का प्रारंभ कलश यात्रा से हुआ, यह आयोजन राजीव वार्ड, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड तथा कामथ वार्ड निवासियों के द्वारा किया जा रहा है। इतवारा बाजार स्थित शराब दुकान हटवाने के लिए विगत कुछ माह पूर्व नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारों एवं स्थानीय निवासियों के द्वारा 127 दिन आंदोलन किया गया। लगातार 4 माह तक चले आंदोलन में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, नर्मदापुरम सांसद राव उदय प्रताप सिंह तथा जिले के अनेकों राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा इस आंदोलन में अपनी आहुति दी गई । सभी के सहयोग से सफलता मिली और वह शराब दुकान अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित 1 अप्रैल से कर दी गई। जब जनमानस की मांग को प्रशासन के द्वारा प्रधानता से लिया गया तब उसी स्थान पर आंदोलन कर्ताओं के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का सप्त दिवसीय आयोजन सार्वजनिक सहयोग से प्रारंभ किया है । इस पुनीत पावन कथा को श्रवण करने आयोजक मंडल के द्वारा समस्त नगर वासियों से आग्रह किया गया है कि कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेवे, कथा का प्रारंभ 18 अप्रैल एवं कथा का समापन 24 अप्रैल 2023 को भंडारे के साथ पूर्ण आहुति से संपन्न होगा सभी धर्म प्रेमियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

वीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति ने किया सार्वजनिक प्याऊ शुभारंभ

गाडरवारा(यशभारत) नगर के हृदय स्थल झंडाचौक पर गर्मी के मौसम में मां वीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष शीतल पेयजल की व्यवस्था सार्वजनिक प्याऊ लगाकर की जाती है झंडाचौक पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने सार्वजनिक प्याऊ का पूजा अर्चना के उपरांत फीता काटकर शुभारंभ किया और इस पुनीत कार्य में मुख्य भूमिका निभाने वाले समाजसेवी सुनील राजपूत एवं उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की । गौरतलब हो कि समाजसेवी सुनील राजपूत द्वारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म एवं नगर में कई स्थानों पर गर्मी का मौसम आते ही सार्वजनिक प्याऊ खोलने का कार्य किया जाता है । इस मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, सभापति आनंद दुबे, सुरेंद्र गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष पियूष जैन, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कमल खटीक, बबली तोषनीवाल, प्रवेश राय, शुभम सिंह राजपूत, कमलेश विश्वकर्मा, श्याम महाराज, सुनील शर्मा आदि उपस्थित थे । उपस्थित अतिथियों ने सुनील राजपूत द्वारा किए जा रहा है सेवाभावी कार्य की सराहना करते हुए सार्वजनिक प्याऊ से राहगीरों को शीतल पेयजल वितरण किया ।

जनसुनवाई में लोगों ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्यायें

नरसिंहपुर यभाप्र। जिला स्तरीय जनसुनवाई गाडरवारा में मंगलवार 18 अप्रैल को आयोजित हुई। इसमें पहुंचे लोगों ने कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना को अपनी समस्यायें बताई। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया। जनसुनवाई में 65 आवेदन आये।

गांव-गांव पहुंच रहा प्रचार रथ

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित प्रचार रथ जिले में चलाया जा रहा है। प्रचार रथ गांव- गांव पहुंच रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में जिले में प्रचार रथ द्वारा शासन की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार- प्रसार कर जिलावासियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में प्रचार रथ ने 18 अप्रैल को नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम सांकल, चंदपुरा, धमना व मलाह पिपरिया का भ्रमण किया और लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

रमखिरिया फीडर के हाल बेहाल.....

किसानों को महज चार घंटे मिल रही बिजली

गोसलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत संचालित गोसलपुर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले रमखिरिया फीडर के अनेक गांव जैसे बंधा झांझा खजुरी हिनोतिया मानगांव सिमरिया कटरा खमरिया रमखिरिया देवरी टंगवा कुंआ गांव के किसान इस समय पर्याप्त बिजली न मिल पाने के कारण बेहद परेशान है

किसानों ने बताया की उनके खेतों में इस समय ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की सिंचाई हेतु बिजली की अति आवश्यकता है परंतु विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की अनदेखी व स्थानीय अमले की लापरवाही के चलते किसानों को दस घंटे मे महज पांच घंटे बिजली मिल पा रही है जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और सिंचाई के अभाव में खेतों में अंकुरित हो रही मूंग उड़द की फसलें मुरझा रही हैं और इस ओर जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं जहां एक ओर मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग के आला अधिकारी वल्लभ भवन में बैठकर अधीनस्थ अधिकारियों को किसानों की खेती किसानी हेतु बेहतर व पर्याप्त बिजली देने की निर्देश देते है वही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है क्षेत्रीय किसान मुकेश सिहं गौर संदेश सिहं गौर विवेक तिबारी मनीष पालीबाल भगबानदास पटेल सुशील राजभर मृत्युजय पालीबाल गनेश यादव भूपेंद्र पालीबाल दरबारी लाल कोल प्रहलाद सिहं बघेल

खास बातें
- जिम्मेदार बने बेखबर
- सिंचाई प्रभावित
- बिगडे पडे ट्रांसफार्मर

गोबिंद पटेल रामशरण पटेल राम कृपाल काछी गनपत सिहं सेंगर सुदर्शन पटेल अमोल सिहं गौर भूपेन्द्र सिहं चौहान ने बताया की अनेक ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं कहीं लो वोल्टेज तो कहीं हाई वोल्टेज की समस्या देखी जा रही है इस संबंध में किसानों द्वारा शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई व सुधार नहीं हो रहा है जहां एक ओर मध्य प्रदेश की सरकार किसानों को दस घंटे बिजली का देने का दंभ भरती हैवही सच्चाई यह है की किसानों को पांच घंटे भी बेहतर ढंग से बिजली नही मिल पा रही हैऔर ऊपर से किसानों की समस्या को नजरअंदाज किया जाता है जिससे रमखिरिया फीडर के किसानों में दिन प्रतिदिन आक्रोश पनप रहा है शीघ्र ही इस संबंध में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल जिले के कलेक्टर से मिलकर चर्चा करेगा।

विराट के अनफॉलो करने पर गांगुली ने लिया बदला, दोनों दिग्गजों के बीच शुरू हुआ नया बवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच लंबे समय से जो विवाद चल रहा है उसने अब एक नया मोड़ ले लिया है। हाल ही में जब दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम के बीच आईपीएल मैच हुआ था तो इन दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के साथ हाथ नहीं मिलाए थे, जिसके बाद विराट ने दादा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। अब विराट के इस फैसले के बाद गांगुली ने भी उनसे बदला लिया है।

अब गांगुली ने उठाया ये कदम

अनफॉलो किए जाने के बाद सौरव गांगुली ने अब एक चौंकाने वाला कदम उठाते हुए अपनी इंस्टाग्राम फॉलो लिस्ट से विराट का नाम हटा दिया है। यानी कि इन दोनों दिग्गजों के बीच सोशल मीडिया पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दोनों ही खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया से भी एक दूसरे से नाता पूरी तरह खत्म कर लिया है। रिपोर्ट थी कि गांगुली पहले विराट को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे, लेकिन उनके अनफॉलो किए जाने के बाद दादा ने भी अब ये फैसला किया।

विराट ने पहले गांगुली को किया था अनफॉलो

दिल्ली और आरसीबी के मैच में हाथ ना मिलाने वाले मामले के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम से सौरव गांगुली को अनफॉलो कर दिया था। जानकारी के मुताबिक पहले विराट सौरव गांगुली को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। लेकिन बाद में इस खिलाड़ी ने दादा को अपनी फॉलो लिस्ट से हटा दिया था। विराट के इस फैसले के बाद ही गांगुली ने उन्हें इंस्टाग्राम की अपनी फॉलो लिस्ट से हटाने का फैसला किया।

विराट ने किया था गांगुली को इग्नोर

आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच के बाद विराट कोहली ने सभी से हाथ मिलाया लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली को इग्नोर कर दिया। साथ ही उन्होंने दादा से हाथ भी नहीं मिलाया। इस तनातनी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके बाद एक बार फिर से गांगुली और विराट के बीच कैप्टेंसी विवाद की बातें फिर से चर्चा में आ गई।

न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज में वापसी की-पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंद में 3 विकेट खोकर बनाए सिर्फ 10 रन, 4 रन से हारा

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। शुरुआती दो मैचों को गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मुकाबले में वापसी की। इस मुकाबले में पाकिस्तान को 4 रन से हराया। मैच में पाक टीम क पलड़ा भारी था और उसे जीत के लिए आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे, पर जेम्स नीशम ने 2 विकेट लेकर बाजी पलट दी। पाकिस्तान ने आखिरी 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बनाए और 3 विकेट खो दिए। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-2 से वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी।

लाथम ने खेली कप्तानी पारी

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहला विकेट 20 रन पर ही गंवा दिए। ओपनर चैड बोवेस 9 गेंदों का सामना कर 7 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं लाथम ने कप्तानी पारी खेलते हुए 49 गेंदों में 64 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लाथम के अलावा डैरिल मिचेल ने भी 33 रनों की पारी खेली। बाबर-रिजवान एक बार फिर फेल हो गए। पहले टी-20 में दोनों ने जल्दी विकेट गवां दिया था, हालांकि पाकिस्तान को इस मैच में जीत मिली थी। वहीं दूसरे टी-20 में दोनों ने वापसी की थी। बाबर ने नाबाद 101 रन और रिजवान ने 50 रन की पारी खेली। वहीं तीसरे टी-20 में दोनों ने महज 17 रन के स्कोर पर अपना विकेट गवां चुके थे। पहले बाबर 6 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उनका विकेट रविंद्र रचिन ने मिल्ने के हाथों कैच कराकर लिया। आजम 6 गेंदों का सामना कर केवल 1 रन ही बना सके। वहीं रिजवान भी 17 रन के स्कोर पर आउट हो गए। रचिन के ही गेंद पर कप्तान लाथम ने स्टंप आउट किया। रिजवान 10 गेंदों का सामना कर 6 रन बनाए। हालांकि उसके बाद फखर जमान और सइम अयूब ने पारी को संभालने की कोशिश की। जमान ने 17 और अयूब 10 रन बनाकर आउट हो गए। इफ्तिखार अहमद और फहीम अशरफ ने पाकिस्तान की लड़खड़ाती हुई पारी को संभाला।

टीम गोल्ड की रोमांचक खिताबी जीत

13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट

जबलपुर, यशभारत। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानी ताल मैदान पर खेली गई 13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी - 20 क्रिकेट टूर्नामेंटके फाइनल मैच में टीम ब्लू ने एक रोमांचक मैच में टीम गोल्ड को मैच के अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच से पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी और जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारी द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम गोल्ड ने सात विकेटों के नुकसान पर 132 रन बनाए जिसमें विपिन त्रिपाठी ने सर्वाधिक 60 रन और कुलदीप ने 20 रन बनाए टीम ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मनोज तिवारी ने तीन् विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लू ने निर्धारित लक्ष्य दो विकेट शेष रहते हासिल कर लिया टीम की तरफ से शरणजीत ने 56 और विकास नाथन ने 31 रन बनाए टीम गोल्ड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए एसएम शुक्ला ने तीन विकेट लिए टीम ब्लू के शरणजीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अनुनू द्वारा विजेता उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति राय अखिलेश चौबे संपूर्ण तिवारी आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे टीम ब्लू के शरणजीत को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बेस्ट बैट्समैन राहुल प्रताप और बेस्ट बॉलर अमित पांडे इमर्जिंग प्लेयर हरजोत और किशन को दिया गया इस् मौके पर टूर्नामेंट में सहयोग हेतु बाबा परसाई, रंजीत सिंह ,पवन शर्मा ,अमित , महेश श्रीवास ,सौरभ दिक्षित, सौरभ सिंह संजय, संजय विश्वकर्मा आदि अधिवक्ता गण को सम्मानित किया गया।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कोच बैक वोंग की भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीम के कोच बने

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले रिकर्व टीम के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कोच बैक वोंग की को मुख्य कोच नियुक्त किया है। लंदन ओलंपिक में महिलाओं की व्यक्तिगत और टीम वर्गों में अपने देश के दोहरे स्वर्ण पदक जीताने वाले दक्षिण कोरियाई कोच वोंग की मंगलवार से तुर्की के अंताल्या में सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण एक के साथ भारत के अपने कार्यकाल को शुरू करेंगे। वोंग इससे पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केन्द्र) का हिस्सा थे और अब उन्हें ओलंपिक तक का करार दिया गया है। यह 2014 एशियाई खेलों के बाद यह पहली बार है जब भारत ने किसी विदेशी कोच को नियुक्त किया है। भारतीय तीरंदाजी के हाई परफार्मेंस निदेशक और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संजीव सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में बताया, ''बैक वोंग की को भारत के रिकर्व टीम कोच बनाया गया है और वह एशियाई खेलों और उसके बाद ओलंपिक तक रहेंगे।'' एएआई ने इटली के दो बार के विश्व कप विजेता सर्जियो पगनी को भी अपने साथ जोड़ा है, जो तुर्की विश्व कप में कंपाउंड टीम का मार्गदर्शन करेंगे। पूर्व

विश्व चैंपियन 44 वर्षीय पगनी भारतीय कंपाउंड टीम के साथ 2018 से जुड़े हुए है। तब उन्होंने एशियाई खेलों से पहले एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था। संजीव सिंह ने कहा, ''भारतीय तीरंदाजों के साथ समझ और अनुभव को देखते हुए सर्जियो पगनी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आगामी विश्व कप इस जोड़ी के लिए पहली बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि भारत ने इस विश्व कप के लिए ज्यादातर जूनियर खिलाड़ियों को मौका दिया है। एशियाई खेलों (2010) के रजत पदक विजेता तरुणदीप राय, दो बार के ओलंपियन अतनु दास और विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम की तिकड़ी को छोड़कर भारतीय टीम में कुछ नये नाम है। भारतीय टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए हाई-प्रोफाइल कोरियाई पर सभी की निगाहें होंगी, जो दीपिका कुमारी, रिद्धि फोर और कोमलिका बारी जैसे बड़े नामों के बिना है, जो टीम में स्थान हासिल करने में विफल रही हैं। दीपिका ने कहा, ÷कोलकाता में ट्रायल के दौरान मैं वूंग की से मिली, वह सीओई का हिस्सा था और ऊर्जा और सकारात्मक वाइब्स से भरा हुए दिख रहे थे। मैं भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हूं।÷ जबकि रिकर्व पुरुष टीम राय और दास के अनुभव के आधार पर अपनी जीत की संभावनाएं तलाशेगी, सभी की निगाहें महिला टीम पर होंगी जहां अदिति जायसवाल अपना दूसरा विश्व कप खेलेंगी। कंपाउंड सेक्शन में जगह न पाने वाला वाला सबसे बड़ा नाम शीर्ष भारतीय, पांच बार के विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अभिषेक वर्मा (विश्व नंबर 13) हैं। कंपाउंड सेक्शन में पुरुष और महिला वर्ग में पदार्पण करने वाले दो-दो खिलाड़ी होंगे- ऋषभ यादव, ओजस देवताले, अदिति स्वामी और साक्षी चौधरी। ÷जूनियर आगे आ रहे हैं और अच्छा कर रहे हैं। वे कोलकाता और सोनीपत में दो चरणों के कठोर परीक्षण के माध्यम से आए हैं। हमें उनसे मजबूती से बाहर आने की उम्मीद है। हम देखना चाहते हैं कि वे मुश्किल लम्हों का कैसे सामना करते हैं। एक अच्छी शुरुआत (क्वालिफिकेशन में) उन्हें स्थापित करेगी÷ सिंह ने कहा।

रंग संसार

माधुरी दीक्षित ने एपल के सीईओ को खिलाया वड़ा पाव, टिम कुक ने कहा बहुत डिलीशियस है

नई दिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित की एक तस्वीर ने सोशल मीडिया पर धमाका कर दिया है. दरअसल एक्ट्रेस की एक फोटो जमकर वायरल हो रही है जिसमें वह वड़ा पाव खाती दिख रही हैं और इस दौरान उनके साथ बैठे है ऐपल के सीईओ टिम कुक और उनके हाथ में मुंबई का ये स्वाद वाला खाना है. माधुरी दीक्षित ने एप्पल सीईओ का मुंबइया स्टाइल में वेलकम किया. माधुरी दीक्षित संग टिम कुक की एक फोटो काफी वायरल हो रही है जिसमें दोनों साथ में हंसते हुए नजर आ रहे हैं और खास बात ये रही कि फोटो में टिम के हाथ में वड़ा पाव दिखाई दे रहा है. माधुरी दीक्षित ने एप्पल सीईओ को खिलाया वड़ा पाव माधुरी दीक्षित ने अपने ट्विटर से ये तस्वीर शेयर की जिसे पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा- 'इससे बढ़िया और कुछ नहीं हो सकता कि मुंबई में आपका वड़ा पाव से स्वागत हो.' इस तस्वीर पर फैस से लेकर हर कोई जमकर कमेंट कर रहा है. ऐसे में एप्पल सीईओ टिम ने भी इस फोटो पर कमेंट किया. टिम ने माधुरी दीक्षित की इस तस्वीर पर जवाब देते हुए लिखा- 'शुक्रिया माधुरी दीक्षित मुझे अपनी जिंदगी के पहले वड़ा पाव से इंट्रोड्यूज कराने के लिए, वैसे ये बहुत डिलीशियस है.' बताया जा रहा है कि माधुरी और टिम ने मुंबई के शानदार फूड आउटलेट स्वाति स्नैक्स में इस वड़ा पाव का आनंद उठाया है.

क्यों भारत आए हैं टिम कुक

एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक मुंबई में जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में पहला स्टोर खोलने के लिए तैयार हैं. टिम कुक के भारत आने पर कई बड़े सेलिब्रेटी उनसे मिल रहे हैं. अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने टिम कुक का मुंबई में शानदार स्वागत किया. मंगलवार को उद्घाटन से पहले कुक मुंबई में कंपनी के बीकेसी स्टोर भी गए. टिम कुक अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उप आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर से मुलाकात कर सकते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुक ने अंबानी के आवास एंटिला का दौरा किया, जहां उन्होंने रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी और रिलायंस रिटेल की चेयरपर्सन ईशा अंबानी से मुलाकात की है।

बिना शादी मां बनने जा रही हैं इलियाना डिक्रूज, फैंस ने पूछा पिता कौन?

नई दिल्ली, एजेंसी। इलियाना डिक्रूज बॉलीवुड में कई सारी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, इलियाना डिक्रूज ने

अजय देवगन से लेकर रणबीर कपूर तक के साथ वो काम कर चुकी हैं. इसी बीच में एक्ट्रेस ने एक धमाकेदार न्यूज देकर हर किसी के होश उड़ा दिए है. दरअसल इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं. दरअसल, वो मां बनने वाली हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट शेयर करके दी है. दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ गुड न्यूज साझा की है. इस न्यूज के आने के बाद उनके फैंस उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं.

मां बनने वाली हैं इलियाना डिक्रूज

मंगलवार सुबह इलियाना डिक्रूज ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की. पहली तस्वीर एक टीशर्ट की है, जिसमें लिखा है, एडवेंचर शुरू हो रहा है. वहीं दूसरी फोटो में एक पेंडेंट नजर आ रहा है, जिसमें ममा लिखा है. इस पोस्ट के कैप्शन में इलियाना ने लिखा, बहुत जल्द. तुमसे मिलने के लिए इंतजार नहीं कर सकती लिटिल डार्लिंग्स. इस खुशखबरी को शेयर करने के बाद इलियाना डिक्रूज के सोशल मीडिया पर कमेंट पर बाढ़ आ गई है और उन्हें मुबारकबाद दे रहे हैं तो कई सवाल कर रहे हैं कि इस बच्चे का पिता कौन हैं।

किसी का भाई किसी की जान की एडवांस बुकिंग शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। करीब 4 साल के लंबे गैप के बाद सलमान खान स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ईद पर रिलीज हो रही है. इस फिल्म के ट्रेलर और गानों ने अब तक लोगों का दिल जीत लिया है. हालांकि हर किसी की नजर सलमान खान के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड पर है. खास बात ये है कि सलमान की ये फिल्म मल्टी स्टारा है और साथ ही वो कोरोना के बाद पहली बार पर्दे पर आने वाले हैं. ईद पर रिलीज हो रही सलमान की 'किसी का भाई किसी की जान' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसकी जानकारी खुद भाईजान ने दी है. ऐसे में जानें, सलमान खान की इस फिल्म के लिए पहले दिन कितनी हुई है एडवांस बुकिंग और कैसा रहेगा भाई का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन।

फिल्म का बॉक्स ऑफिस हाल

अब इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर कुछ रिपोर्ट्स भी सामने आ रहे हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि अब तक सलमान खान की इस फिल्म के कितने टिकट बिक चुके हैं. बताया जा रहा है कि सलमान खान की इस फिल्म की एडवांस बुकिंग के लिए टिकट खिड़की सोमवार से खोल गई है. फिल्म का बॉक्स ऑफिस बताने वाली साइट सैकनिक पर बताया गया है कि सलमान खान की इस फिल्म के लिए पहले दिन की एडवांस ग्रॉस बुकिंग करीब 1 करोड़ रुपये की हुई है. जहां तक फिल्म के लिए बेचे गए कुल टिकट की बात हो रही है वो करीब 50 हजार बताए जा रहे हैं. हालांकि, ये डेटा अनुमानित है और अभी वास्तविक डेटा सामने नहीं आया है।

फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई के मल्टीप्लेक्स और सिंगल थिएटर में वीकेंड पर 150 से 600 रुपये तक टिकट्स बेची गई हैं. वहीं, दिल्ली में टिकट के रेट 250 से 1200 रुपये तक है. एक्शन और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 21 अप्रैल को थिएटर्स में दस्तक देगी. फिल्म की रिलीज को बहुत ही कम दिनों का वक्त बचा है और ऐसे में एडवांस बुकिंग के पहले दिन के जो आंकड़े सामने आए हैं, वह कमाल के हैं. 'किसी का भाई किसी की जान' को फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स और जी स्टूडियोज ने किया है।

क्या शहनाज गिल के प्यार में है राघव जुयाल? एक्टर ने कहा मेरे पास इन सबके लिए टाइम नहीं...

नई दिल्ली, एजेंसी। बिग बॉस फेम और इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली शहनाज गिल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खासी चर्चा में बनी हुई है. असल में सलमान खान ने कुछ दिनों पहले फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर शहनाज को मूव ऑन करने की सलाह दी थी. वहीं इस बीच उनकी डेटिंग की खबरें भी सुर्खियों में हैं और उनका नाम राघव के साथ जोड़ा जा रहा था. हालांकि, अब राघव ने अपने और शहनाज के रिश्ते पर खुलकर बात की है. तो आइए जानते हैं कि राघव ने अपने और शहनाज के रिश्ते पर क्या कुछ कहा है.

मेरे पास वक्त नहीं है- राघव

राघव जुयल ने कहा, 'जो इंटरनेट की चीजें हैं, मेरे तक नहीं आ पाती हैं. मुझे नहीं पता कि वह सच है या झूठ. जब तक मैं देख ना लूं या सुन ना लूं. मैं फिल्म के लिए आया हूं और मैं चाहता हूं कि लोग मुझे बतौर एक्टर, डांसर और होस्ट देखे. मेरा काम बोले बस. बाकी ये सब चीजें (लिंक-अप), हैं, नहीं हैं और होगी भी नहीं, क्योंकि मेरे पास वक्त नहीं है. मैं डबल शिफ्ट काम कर रहा हूं. अभी मेरी हालत ऐसी है कि मुझे इन सब चीजों का वक्त ही नहीं. इसलिए मैं सिर्फ अपने काम और फिल्म के बारे में बात करना चाहूंगा, बस.' बता दें शहनाज और राघव की जोड़ी किसी का भाई किसी की जान में देखने को मिलेगी राघव और शहनाज गिल 'किसी का भाई किसी की जान' में बतौर कपल नजर आएंगे. दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. शूटिंग के दौरान कहा जा रहा था कि दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं. कई बार उन्हें साथ में घूमते हुए भी देखा गया. यहां तक कि सलमान खान ने ट्रेलर लॉन्च में सेट पर दिखी दो लोग के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली थी. हालांकि दोनों ही स्टार इस रिश्ते को सिरे से नकार रहे हैं.

शहनाज को सलमान की मूव ऑन की सलाह

सिद्धार्थ और शहनाज की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद थी. इनके चाहने वाले इन्हें 'सिडनाज' कहकर पुकारते थे. हाल ही में सलमान खान ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी है और साथ ही शहनाज के फैंस को सलाह दी है कि वे अब 'सिडनाज' कहना छोड़ें. सलमान खान ने कहा, 'अब वह इस दुनिया में नहीं है. वह जहां भी होगा खुद भी चाहेगा कि इनकी जिंदगी में कोई आए. ये जिंदगी भर यह कुंवारी रहेगी क्या? आप लोग सिडनाज कहना छोड़िए और इसे मूव ऑन करने दीजिए।

गोरखपुर में बेटे ने की पिता की नृशंस हत्या

पत्नी से मारपीट करने पिता कर रहा था मना, चाकु से गोदकर उतारा मौत के घाट

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के गोरखपुर थाना अंतर्गत देर रात एक बेटे ने अपने पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना गोरखपुर थाना के पीपल मोहल्ले ककरैया तलैया की है, जहां बेटा अपनी पत्नी से विवाद करते हुए मारपीट कर रहा था, जिसको लेकर पिता विरोध कर रहा था। शराब के नशे में धुत पुत्र का पिता से इसी बात को लेकर जमकर विवाद हो गया।

मृतक का जीवित अवस्था का चित्र

इसके बाद बेटे ने गालीगलौच करते हुए अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी बेटा फरार हो गया है। परिवार वाले घायल वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक बुजुर्ग का नाम कल्लन सिंह ठाकुर 55 साल है। जैसे ही यह खबर पुलिस को लगी तो तत्काल थाना प्रभारी अरविंद चौबे के नेत्रत्व में टीम गठित कर आरोपी को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के परिजनों ने जानकारी दी कि देर रात करीब 1 बजे शराब पीकर अमन सिंह घर पहुंचा और पिता से विवाद करने लगा। पिता - पुत्र के बीच हो रहे विवाद में बहन ने भी अपने भाई को समझाया, पर वह नहीं माना। पिता ने धक्का देकर अमन को घर से बाहर निकालने की कोशिश की, जिस पर से आरोपी बेटे ने चाकू निकाला और पिता कल्लन सिंह के पेट में मार दिया। घटना में कल्लन के पेट से खून निकलने लगा, जिनको लेकर परिवार वाले मेडिकल कॉलेज के लिए भागे।

ऑटो हो गया खराब

पुलिस को मृतक के परिजनों ने बताया कि देर रात होने के कारण अस्पताल तक लाने के लिए कुछ साधन नहीं मिल रहा था। जैसे-तैसे ऑटो में उन्हें बैठाला तो कुछ दूर आने के बाद वो भी खराब हो गया। मोटरसाइकिल में लेकर उन्हें आए। डॉक्टर ने उनको चेक कर, मृत घोषित कर दिया।

महानगरी एक्सप्रेस में वृद्धा ने तोड़ा दम

जबलपुर यश भारत। पति के साथ उपचार कराने मुंबई जा रही एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला ने महानगरी एक्सप्रेस में दम तोड़ दिया उक्त घटना की जानकारी जीआरपी को लगती है मौके पर पहुंची। इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश जिला जौनपुर बेलाव ग्राम की रहने वाली 65 वर्षीय प्रभादेवी पति छोटेलाल लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी जिसका उपचार मुंबई में चल रहा था छोटेलाल पत्नी को महानगरी एक्सप्रेस के ह्य/ 3 कोच नंबर 17. 18 में मुंबई ले जा रहा था ट्रेन सतना से निकलने के बाद महिला का अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ और उसने दम तोड़ दिया यात्रियों द्वारा इस घटना की सूचना कंट्रोल को दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी द्वारा अग्रिम कार्रवाई की गई।

बेटी का अपहरण कर, आरोपी मां को चाकू लेकर दौड़ा

बेटी ने आंख में मिर्ची डालकर बचाई जान

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के शीतला माई में रहने वाली मां आज मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एसपी कार्यालय पहुंची। जहां पीड़िता ने बताया कि बीते दिनों पास में ही रहने वाले एक युवक ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया था और अब केस वापस लेने के लिए दबाव डाल रहा है। इतना ही नहीं, उसके मना करने पर आरोपी ने उसपर चाकू से हमला कर दिया, लेकिन मौके पर बेटी ने उसके आंख में मिर्ची डालकर जान बचा ली। जिसकी शिकायत उसने घमापुर थाना में की है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जानकारी अनुसार पीड़िता निवासी शीतलामाई ने बताया कि क्षेत्र में ही रहने वाले आरोपी ने उसकी बेटी को गुमराह किया और अपने साथ ले गया था, जिसका केस वापस लेने के लिए वह और उसके साथी अब दबाव डाल रहे है। जिसके चलते आरोपी ने चाकू से हमला भी किया था, लेकिन बेटी ने बचा लिया। पीड़िता की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

नाबालिग को झांसे में लेकर किया दुष्कर्म

न्यायालय ने सुनाई 20 वर्ष की सजा

जबलपुर, यशभारत। अधारताल थाना अंतर्गत एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ ज्यादती करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने पहले तो पीड़िता को अपने प्यार के झांसे में फांसा और फिर से भगाकर गुजरात ले गया जहां उसका दैहिक शोषण करता रहा। पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब कर, आरोपी को आरेस्ट कर लिया। जहां उसे उसे माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी निजामुद्दीन बिहार का निवासी है। जो अधारताल में नाबालिग को घर में पढ़ाने के बहाने आता था और एक दिन उसने पूरी योजना बनाकर नाबालिग का अपहरण कर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे दबोच लिया। जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

वर्ल्ड लिवर डे

स्वच्छ जल, स्वच्छ भोजन, वैक्सीन से ही लिवर रहता है स्वस्थ

जबलपुर, यशभारत। लिवर में इनफेक्सन , वायरस, अत्यधिक अल्कोहल के सेवन, डॉक्टर की सलाह के बिना दर्द की दवा या एंटीबायोटिक खाने से होती है, इसके लक्षण भूख न लगना, उल्टी का मन या उल्टी होना, आंख में पीलापन, चक्कर आना ,कभी -कभी बुखार आना भी होता है। यह बात वर्ल्ड लिवर डे पर बड़ेरिया मैट्रो प्राइम अस्पाताल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आलोक बंसल एमडी डीएम गैस्ट्रोएंटरों एवं हिपेटोलोजी हेपटआईटिस ने कही। उन्होंने बताया कि वायरस के कारण हेपटआईटिस छोटे बच्चे 5 से 16 साल तक हेपटआईटिस ए से संबंधित होता है, जो साधारण उपचार से ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ बच्चो में ये गंभीर रूप जिसे लीवर फेलियर कहते जिसका ईलाज लीवर ट्रांसप्लांटेशन से ही संभव होता है इसलिए इसके रोकथाम की आवश्यकता है जो स्वच्छ जल, स्वच्छ भोजन, वैक्सीन से ही संभव है।

वयस्क को हेपटआईटिस बी और ई के कारण परेशानी होती है, हेपटआईटिस ई भी हेपटआईटिस ए की तरह ही होता है और रोकथाम का तरीका भी वही है, हेपटआईटिस बी एक ही इंजेक्शन कई लोगो को लगाने, अनसेफ सेक्सुअल हैबिट, संक्रमित खून चढ़ाने से होता है, ज्यादातर इसकी कोई लक्षण नई होते और कई वर्षो तक धीरे-धीरे ये लीवर को नुकसान पहुंचाते रहते है, जिसके कारण लीवर सिरोसिस की समस्या एवम लीवर कैंसर की समस्या हो जाती है, सभी को जवानी की उम्र में हेपटआईटिस बी की जांच अवश्य करनी चाहिए और नेगेटिव होने पर वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए, पॉजिटिव पाए जाने पर डॉक्टर से मिलना चाहिए, इसी तरह हेपटआईटिस सी भी गंभीर समस्या पैदा करता है, लेकिन इसके लिए कोई वैक्सीन उपलब्ध नई है, लेकिन दवा से पूरी तरह शरीर से नस्त हो सकता है। ज्यादा अल्कोहल के सेवन से हेपटआईटिस, लीवर फेलियर, लीवर सिरोसिस, लीवर कैंसर सारे प्रकार की समस्या हो सकती है, जिसके लक्षण पेट में पानी भरना, पैरो में सूजन, खून की उल्टी, बेहोशी छाना होता है। जिसका उपचार भी बहुत सारी दवाई, रेगुलर चेकअप, अल्कोहल को छोड़ने, जरूरत पड़ने पर लीवर ट्रांसप्लांटेशन से होता है। उन्होंने बताया कि आजकल लीवर की समस्या जो की डायबिटीज के मरीजों में पहले देखी जाती थी, बिना डायबिटीज के जवान लोगों में भी देखी जा रही है, जिसे नेफल्ड कहा जाता है, जिसका कारण शारीरिक स्थिरता खान पान में अनियमितता है, जिससे समाज में लीवर सिरोसिस की समस्या बढ़ने लगी है, जिसका निदान लीवर फंक्शन टेस्ट तथा फाइब्रोस्कैन से होता है तथा उपचार के लिए कुछ दवाएं एवम लाइफ स्टाइल में बदलाव बताया जाता है।

न्यायलयों में विचाराधीन अपराधों की मॉनिटरिंग करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों को बनाया गया नोडल अधिकारी

पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने ली संयुक्त बैठक

जबलपुर, यशभारत। पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी द्वारा ए.डी.पी.ओ. तथा राजपत्रित अधिकारियों एवं मान्नीय न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिरों की एक संयुक्त बैठक ली गयी। जिमसें मान्नीय न्यायलयों में विचाराधीन सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों, आर्म्स एक्ट, एन.डी.पी.एस. एक्ट, पाक्सो एक्ट एवं महिला सम्बंधी अपराधों की मॉनिटरिंग हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक आर.डी. भारद्वाज, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश गौर, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रतिष्ठा राठौर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तुषार सिह, परिवीक्षाधीन आदर्शकांत शुक्ला एवं सीनियर एडीपीओ श्रीमति संगीता परिहार, कृष्ण गोपाल तिवारी, श्रीमति मनीषा दुबे, श्रीमति भारती उइके, एडीपीओ श्रीमति नमिता मिश्रा, श्रीमति संगीता घई, देवर्षि पिंचा, तथा रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी उपस्थित रहे। एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने सभी ए.डी.पी.ओ. से मान्नीय न्यायालय में विचाराधीन कितने प्रकरणों की पैरवी कर रहे हैं।

पुलिस ने गिरफ्तार कर पहुंचाया सलाखों के पीछे

कुख्यात बदमाश राशिद पर लगा एनएसए

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल क्षेत्र के कुख्यात बदमाश राशिद पर एनएसए की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जहां से उसे जेल पहुंचा दिया गया। आरोपी के खिलाफ अनेक प्रकरण दर्ज थे, लेकिन फिर भी आरोपी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। जिसको देखते हुए ही यह निर्णय लिया गया। हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि ठक्कर ग्राम निवासी 38 वर्षीय राशिद उर्फ रसीद पिता मुख्तारुल अमीन उर्फ रुस्तम के खिलाफ थाने में अनेक प्रकरण पंजीबद्ध थे। जिसकी गतिविधियों से आमजन को खतरा था। जिसको देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी द्वारा आरोपी के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। आदेश के परिपालन में शातिर बदमाश के खिलाफ एनएसए का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार सुमन के द्वारा आरोपी की आपराधिक गतिविधियों का देखते हुए वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराये जाने हेतु आदेशित किये जाने पर वारंट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

महिलाओं के अन्तः वस्त्र चुराते जेडब्ल्यूएम पकड़ाया

खमरिया ईस्ट लेंड की घटना, कर्मचारियों में रही जमकर चर्चा

जबलपुर यशभारत। कल मंगलवार को आयुध निर्माणी में अजीबो गरीब चोरी का मामला प्रकाश और चर्चा में रहा वह भी एक जेडब्लूएम जैसे एक ग्रुप बी राजपत्रित अधिकारी का।जिस पर लोगों को सहसा यकीन नहीं हो रहा था या आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा था।लेकिन जब निर्माणी के कर्मचारी तह में गए तो पता चला कि सुरक्षा विभाग ने इस मामले में कार्यवाही कर मामला ऊपर भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि निर्माणी का एक जेडब्लूएम जो एक अनुभाग का प्रभारी अधिकारी भी है विगत कई दिनों से दोपहर में इस्टेट के क्वाटरों में जाकर महिलाओं के अन्तः वस्त्रों की चोरी करता रहा। कुछ दिनों से इस अजीब प्रकार की चोरी से क्वाटर निवासियों में आश्चर्य मिश्रित भय व्याप्त है विशेष कर महिलाओं में, क्योंकि क्वाटर से और कुछ नहीं सिर्फ उनके अन्तः वस्त्र नदारद हो रहे थे।लोगों का मानना था कि यह किसी बाहरी शरारती तत्वों का काम है।लेकिन मंगलवार को ईस्ट लेंड के टाइप-2मे दोपहर डे? दो बजे देखा गया कि एक अधिकारी वह भी राजपत्रित स्तर का जो महिलाओं के अन्तः वस्त्र उठा रहा है तो देखने वालों सहसा विश्वास नहीं हुआ।बाद में क्वाटर के लोगों ने उसे पक? कर सुरक्षा विभाग को सूचना देकर उनके हवाले कर दिया। इस मामले में उच्च स्तर के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया और जानकारी देने से बचते नजर आए।वहीं कई ने उक्त अधिकारी को मानसिक विकार से ग्रस्त होने की बात कही है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
- छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
- छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
- विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
- बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
- खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
- अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
Gurleen MEGA TRADE FAIR
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA JABALPUR
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL , JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/I CSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
लिमिटेड सीट
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

Trusted G.S.ELECTRONIC
हर रेंज में कूलर ही कूलर
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

केला चिप्स | AK's | चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
7000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
न्यूनतम चीरा | फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं
जबलपुर में मिलने का पता
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक, गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर, +91-9301970385, 8225988303
शैल्बी हॉस्पिटल, विजय नगर, जबलपुर, 93019 70385

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात | कमर दर्द | जोड़ो का दर्द | सूजन | मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care: +91 7974979179

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)